'जन औषधी' केंद्रांचा कार्यक्रम २००८ मध्ये सुरू झाला होता, परंतु २०१३ मध्ये तो अयशस्वी ठरला. 'व्यापारात सरकारचा सहभाग असण्याचे काहीच कारण नाही' असे जाहीर केल्यानंतर, मोदी सरकारने २०१५ मध्ये हा कार्यक्रम 'फ्रँचायझी' प्रारूपात नव्याने आणि सुधारित स्वरूपात सुरू केला, जेणेकरून परवडणाऱ्या दरात दर्जेदार औषधे उपलब्ध करून देता येतील. यात औषधांच्या गुणवत्तेचे नियमन 'ड्रग्ज कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया' आणि राज्यांच्या औषध नियंत्रण प्राधिकरणांमार्फत केले जाते. अत्यावश्यक औषधांच्या किमतींचे नियमन 'नॅशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग ऑथॉरिटी' (NPPA) द्वारे केले जाते. 'लीगल मेट्रोलॉजी (कायदेशीर मापनशास्त्र) नियमांनुसार, प्रत्येक पॅकेजवर कमाल किरकोळ किंमत (एमआरपी) दर्शवणे अनिवार्य आहे.

लहान व्यावसायिकांच्या मालकीची आणि त्यांच्याद्वारे चालवली जाणारी अशी लाखो खासगी किरकोळ औषधविक्रीची दुकाने आहेत. मोठ्या व्यावसायिक कंपन्यांनीही 'किरकोळ विक्री आणि घरपोच सेवा' (रिटेल-कम-डिलिव्हरी) अशा प्रारूपासह या बाजारपेठेत प्रवेश केला आहे. या उद्योगातील जाणकारांच्या अंदाजानुसार, २०२४-२५ मध्ये किरकोळ औषधविक्री व्यवसायाची उलाढाल २,२५,००० कोटी रुपये इतकी होती. याच काळात 'जन औषधी' केंद्रांची एकत्रित विक्री उलाढाल (एमआरपी मूल्यावर आधारित) २,०२२ कोटी रुपये होती, जी एकूण बाजारपेठेच्या एक टक्क्यापेक्षाही कमी आहे. सरकारला दरवर्षी यात तोटा सहन करावा लागतो की नाही, याची आपल्याला कल्पना नाही. जर औषधांचा दर्जा आणि किमती समाधानकारक नसतील, तर ते संबंधित दोन नियामक संस्थांचे अपयश असेल.

सरकारचे हे कार्यक्रम साधारण स्वरूपात यशस्वी झाले आहेत, असे म्हणता येईल. सरकारने वस्तुस्थितीची प्रामाणिकपणे मांडणी केली तर त्याची विश्वासार्हता वाढेल; अतिशयोक्तीपूर्ण दावे केले तर ती वाढणार नाही.

लेखक भारताचे माजी अर्थमंत्री आहेत.
संकेतस्थळ : pchidambaram.in
ट्विटर : @Pchidambaram_IN

दैनिक जागरण
स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा है

हानिकारक दवाएं

केंद्र सरकार ने 16 ऐसी दवाओं पर रोक लगाने का फैसला किया, जिन्हें दो या इससे अधिक औषधियों को मिलाकर उन्हें गोली, कैप्सूल या सीरप के रूप में बनाया जाता है। फिक्स्ड डोज कांबिनेशन यानी एफडीसी कही जाने वाली इन दवाओं के निर्माण, वितरण और बिक्री पर रोक इसलिए लगानी पड़ी, क्योंकि यह पाया गया कि उनके उपयोग का कोई ठोस चिकित्सीय आधार नहीं था और उनका लगातार इस्तेमाल हानिकारक भी था। प्रश्न यह है कि यदि ऐसा था तो फिर इन दवाओं को बनाने और बेचने की अनुमति दी ही क्यों गई? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि यह कदम जनस्वास्थ्य की रक्षा करने, दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने और लोगों के लिए केवल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। आखिर यह काम समय रहते क्यों नहीं किया गया? ध्यान रहे इनमें से कई दवाएं ऐसी हैं, जो न जानें कब से बन और बिक रही थीं। यह पहली बार नहीं है, जब एफडीसी दवाओं पर रोक लगाई गई हो। इसके पहले भी वैज्ञानिक समीक्षा के बाद कई एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

किसी के लिए भी यह समझना कठिन है कि आखिर एफडीसी या फिर अन्य दवाओं की उपयोगिता, गुणवत्ता आदि की पहले ही जांच-परख क्यों नहीं होती? यहां इसकी भी अनदेखी न की जाए कि 16 दवाओं की जांच-परख सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद की गई। एक तरह से जो काम सरकार को अपने स्तर पर करना चाहिए था, वह उसने तब किया, जब सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए उसे निर्देश दिया। इससे यही पता चलता है कि अपने देश की दवा नीति ठीक नहीं। इसके प्रमाण भी मिलते रहते हैं। रह-रहकर दोयम दर्जे की या फिर नकली दवाओं के मामले सामने आते ही रहते हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन जब भी दवाओं की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट जारी करता है तो यही सामने आता है कि तमाम दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। कई बार दवाओं के सैंपल इतने खराब होते हैं कि राज्य सरकारों को संबंधित दवा कंपनियों के लाइसेंस निलंबित करने पड़ते हैं। इसके बाद भी घटिया, नकली दवाओं के बनने और बिकने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति कफ सीरप की है। पिछले वर्ष विषाक्त कफ सीरप के सेवन से 20 से अधिक बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सरकार घटिया कफ सीरप बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्ती बरतती दिखाई दी, लेकिन सच यह है कि ऐसे कफ सीरप का निर्माण थम नहीं रहा है। अब सरकार ने यह तय किया है कि बिना डाक्टरों के पर्चे के कफ सीरप नहीं मिलेगा। कोई भी समझ सकता है कि घटिया कफ सीरप बनने और बिकने की गंभीर समस्या के समाधान का यह प्रभावी तरीका नहीं।

भ्रष्टाचार पर प्रहार

हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद प्रकरण में पूर्व नगर आयुक्त की बर्खास्तगी और तत्कालीन जिलाधिकारी के विरुद्ध मेजर पनिशमेंट की कार्रवाई एक बड़ा संदेश है। इसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध उत्तराखंड की धामी सरकार की अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। यह जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के लिए संदेश है कि दायित्व और कर्तव्यों का निर्वहन क्यों जरूरी है। जनता और सरकार के बीच विश्वास की डोर को मजबूत करने की उनकी भूमिका क्या है। ऐसा नहीं करने और पद का दुरुपयोग करने का अंजाम क्या हो सकता है। इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित शासन-प्रशासन की चार मुख्य कड़ियां हैं। यदि इसकी एक शृंखला भी दिशा भटक जाए तो तंत्र गड़बड़ाने लगता है और सवाल सरकार की छवि पर उठते हैं। इस प्रकरण में सबसे गौर करने लायक पहलू यह था कि मामला सामने आते ही सरकार ने त्वरित ढंग से कार्रवाई शुरू कर दी। पहले कई अधिकारी निलंबन की जद में आए, फिर विशेष जांच और आडिट के माध्यम से पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल हुई। उत्तराखंड जैसे विषम भूगोल वाले राज्य में जहां जनता शासन और प्रशासन पर टकटकी लगाए रहती है, वहां जवाबदेही की संस्कृति को विकसित किया जाना बेहद जरूरी है। भ्रष्ट आचरण को बढ़ावा देने वालों के विरुद्ध इस प्रकार के सख्त कदम पारदर्शिता बढ़ाएंगे।

> हरिद्वार के पूर्व नगर आयुक्त और डीएम पर बड़ी कार्रवाई सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के संकल्प को परिलक्षित करती है

एक नाजुक समझौता

संजय गुप्त

यह देखना होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच जो अंतरिम समझौता हुआ, वह अंतिम समझौते में तब्दील हो पाता है या नहीं?

आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति को इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ छेड़े गए एक अनावश्यक युद्ध के उपरांत उसके साथ अंतरिम समझौता करना ही पड़ा। फिलहाल यह समझौता नाजुक लगता है। लेबनान के समझौते का हिस्सा होने के बाद भी इजरायल ने गत दिवस जिस तरह उस पर हमला किया, उससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या अमेरिका और ईरान अगले 60 दिन आपसी बातचीत के जरिये अनसुलझे मुद्दों को सुलझा सकेंगे? इजरायल और अमेरिका के लिए यह चिंता की बात है कि ईरान हमास, हिजबुल्ला और हाउती जैसे उन संगठनों की मदद करता है, जो इजरायल के लिए खतरा बने हुए हैं। हालांकि ट्रंप लेबनान को लेकर इजरायल को संयमित रहने के लिए चेता रहे हैं, लेकिन क्या ईरान हिजबुल्ला पर लगाम लगाने की गारंटी लेने को तैयार है? यदि ईरान हिजबुल्ला पर लगाम नहीं लगाता तो इजरायल के लिए यह संभव नहीं होगा कि वह लेबनान में उसे निशाना न बनाए।

अमेरिका-ईरान युद्ध में जो अबूझ पहेली है, वह यह कि आखिर ट्रंप को ईरान के विरुद्ध युद्ध छेड़ने की जरूरत ही क्या थी? ईरान पिछले कई वर्षों से यूरेनियम का संवर्धन कर रहा था और माना जाता है कि वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा था। इससे इजरायल के साथ खाड़ी के देश भी चिंतित थे। ईरान के परमाणु हथियार बनाने के इरादे को देखते हुए अमेरिका ने उस पर प्रतिबंध लगा रखे थे। इसके चलते ईरान के लिए अन्य देशों से व्यापार करना कठिन हो गया था। चूंकि अमेरिका सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, इसलिए कोई देश उसके प्रतिबंधों की अनदेखी कर ईरान से व्यापार करने का साहस नहीं जुटा पाता था। ईरान चीन के अलावा उन देशों को ही तेल बेच पा रहा था, जो अमेरिकी प्रतिबंधों की परवाह नहीं करते। वह अपना कुछ तेल चोरी-छिपे भी बेच रहा था। हालांकि उसकी अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर हो रही थी, लेकिन वह परमाणु हथियार बनाने के अपने इरादे को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिख रहा था।

आम धारणा है कि अमेरिका ने इजरायल के कहने पर ईरान पर हमला किया। ट्रंप इससे भी नाराज थे कि ईरान भारी दबाव के बाद भी परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में जुटा है। अमेरिका-इजरायल की ओर से ईरान को निशाना बनाते ही उसने होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का निकलना बंद कर दिया। इसके अलावा उसने खाड़ी देशों के अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। खाड़ी के देश अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं। ईरान ने उनके यहां हमला कर यह संदेश दिया कि वे अमेरिकी सैन्य संरक्षण में सुरक्षित नहीं। ईरान के पास मिसाइलों के साथ सस्ते, किंतु घातक क्षमता वाले ड्रोन का जखीरा था। इसी कारण वह अमेरिका के हमलों का जवाब देता रहा। अरबों डालर खर्च कर ईरान पर हमले करने के बावजूद अमेरिका उसकी सैन्य क्षमता को कुंद नहीं कर सका। अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने एक समस्या यह भी आ गई थी कि ईरान के खिलाफ लंबे समय तक युद्ध जारी रखने के लिए उन्हें संसद से अनुमति लेनी पड़ती और वह उन्हें मिलनी बहुत कठिन थी। शायद इसी कारण वे समझौता करने के लिए बाध्य हुए। हालांकि इस समझौते को वे अपनी जीत बता रहे हैं, लेकिन ऐसा ही दावा ईरान भी कर रहा है। यह ठीक है कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने का वादा किया है, लेकिन क्या इजरायल इस पर भरोसा कर सकता है? यह देखना होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच जो अंतरिम समझौता हुआ, वह अंतिम समझौते में तब्दील हो पाता है या नहीं?

अवधेश राजपूत

अमेरिका इससे तो चिंतित है कि ईरान चोरी-छुपे परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन सब जानते हैं कि पाकिस्तान ने भी चोरी-छुपे परमाणु हथियार बनाए और अमेरिका ने उस पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाए। उसने पाकिस्तान को इसके लिए भी दंडित नहीं किया कि वह तमाम आतंकी समूहों को पाल रहा है। चूंकि अमेरिका दोहरे रवैया का परिचय देने में माहिर है, इसलिए विश्व में उसकी छवि और प्रतिष्ठा गिरती चली जा रही है। एक समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस पाकिस्तान को धोखेबाज करार दिया था, उससे ही वे दोस्ती बढ़ाने में लगे हुए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने उसे यह अवसर प्रदान किया कि वह अमेरिका और ईरान के बीच समझौता कराने की भूमिका निभाए। हालांकि इस समझौते में कुछ अन्य देशों की भी भूमिका है, लेकिन अमेरिका ने ईरान से समझौता करने के लिए जिस तरह पाकिस्तान का साथ लिया, उससे उसे अपने को शांति का समर्थक बताने का मौका मिल गया है, जबकि सब जानते हैं कि वह एक गैर-जिम्मेदार राष्ट्र है और उसकी ऐसी हैसियत भी नहीं कि वह अमेरिका और ईरान के बीच समझौता करा सके। हैरानी नहीं कि उसे महज संदेशों का आदान-प्रदान करने वाले देश के रूप में देखा गया।

अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के बाद होर्मुज समुद्री मार्ग खुल गया है और जहाजों की आवाजाही शुरू हो गई है। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम नरम पड़े हैं। इसका सीधा लाभ भारत के साथ विश्व के तमाम देशों को मिलेगा। आशा की जाती है कि बीते लगभग सौ दिनों में तेल, गैस और उर्वरकों के दाम बढ़ने के कारण विश्व अर्थव्यवस्था को जिन कठिनाइयों से गुजरना पड़ा, उनका धीरे-धीरे समाधान होगा। यदि अमेरिका-ईरान के बीच समझौता कारगर साबित होता है तो इससे पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के साथ विश्व अर्थव्यवस्था को भी राहत मिलेगी, क्योंकि होर्मुज से विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा का निर्यात होता है। समझौते के तहत अमेरिका ने ईरान पर जो तमाम प्रतिबंध लगा रखे थे, उन्हें हटा लिया है। इसके चलते अब भारत भी उससे तेल खरीदने में समर्थ हो जाएगा। वह ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह का विकास भी कर सकता है। ईरान से तेल आयात इसलिए लाभकारी है, क्योंकि वह रूस, अमेरिका और वेनेजुएला की तुलना में कुछ सस्ता पड़ेगा।

समझौते के तहत अमेरिका इसके लिए भी तैयार हुआ कि वह ईरान के विकास के लिए 300 अरब डालर के एक कोष की स्थापना में मदद करेगा। इसकी अमेरिका में आलोचना हो रही है। यह स्वाभाविक भी है, पर कुल मिलाकर यह समझौता विश्व के लिए राहतकारी है।

response@jagran.com

मानवीय क्षमताएं बढ़ाता है योग

गिरीश्वर मिश्र

योग स्वयं को नियमित व व्यवस्थित करने की ऐसी पद्धति हैं, जो हमें अपना वास्तविक स्वरूप वापस दिलाती हैं

शास्त्रों में उल्लेख है कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थ के लिए आरोग्य उत्तम मूल यानी मुख्य आधार है। इसका निहितार्थ यही है कि तन और मन में संतुलन बना रहे। आरोग्य यानी निरोगी रहना विकारों से मुक्त रहना है। यही हमारा स्वभाव है और उसे बनाए रखना हर प्राणी का कर्तव्य होता है। प्रकृति ने हमारी संरचना इसी प्रकार से तैयार की है, लेकिन आज के प्रतिस्पर्धी युग में उसके अनुरूप जीवन संचालन में समस्याएं आ रही हैं। विकार उत्पन्न हो रहे हैं। विकार बाधक होते हैं, जो आगे बढ़ने में रोड़ा तो अटकाते ही हैं, साथ ही हमारी शक्ति और ऊर्जा का अपव्यय भी करते हैं। इससे हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटकता है। आज के तेजी से डिजिटल हो रहे युग में बच्चे-बूढ़े सभी आमतौर पर ध्यान के भटकाव की शिकायत करते मिलते हैं। उनका चित्त स्थिर नहीं रह पाता है। इसके फलस्वरूप कोई काम ठीक से नहीं हो पाता और स्मृति भी कमजोर पड़ने लगती है। दूसरी ओर यह सबका अनुभव है कि ध्यानावस्थित या दत्तचित्त होकर ही कोई कार्य सिद्ध किया जा सकता है। 'ध्यान देना' और कुछ नहीं, अपनी चेतना के सतत प्रवाह को एक दिशा में ले जाना है। हम ध्यान को किसी वस्तु, व्यक्ति या घटना में केंद्रित या फोकस करते हैं। इसी क्रम में अंतर्जगत और बाह्य जगत के साथ तालमेल बैठाना यानी ठीक तरह और ठीक जगह जोड़ना-जुड़ना आज की सबसे बड़ी चुनौती हो रही है। आज पूरे विश्व में मनोरोगियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में योग-शास्त्र और उसकी साधना बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

योग का अर्थ है जुड़ना, परंतु हर तरह का जुड़ना आकस्मिक या जानबूझकर मिलने का संयोग हो सकता है। योग-शास्त्र के अनुसार योग एक विशेष प्रकार से सायास जुड़ने का नाम है। योग विद्या के आलोक में अंतर और बाह्य जगत के साथ हमारा रिश्ता नया ओजस्वी अर्थ प्राप्त कर लेता है। यम और नियम नैतिक जीवन जीने की प्रक्रिया बताते हैं तो आसन शरीर का रख-रखाव और उसकी क्षमता को संवर्धित करने का काम करते हैं। प्राणायाम हमारे श्वास और प्राणिक ऊर्जा को व्यवस्था करते हैं। प्रत्याहार बाह्य दुनिया के साथ विवेकपूर्ण संबंध को नियमित करता है। ध्यान, धारणा और समाधि अंतरंग योग हैं, जो चेतना के परिष्कार को संभव बनाते हैं। इसीलिए महर्षि अरविंद कहते हैं कि 'पूरा जीवन ही योग है।' वे योग को समग्र जीवन-दर्शन के रूप में प्रस्तुत करते हैं। सबसे जुड़कर ही अच्छी तरह से जीना संभव हो पाता है। उसके लिए आवश्यक तैयारी भी अनेक स्तरों पर करनी होती है। योग के जिस स्वरूप को महर्षि पतंजलि ने 'योग-सूत्र' में प्रस्तुत किया था, वह इसी तैयारी का माडल या नक्शा है। उसे अष्टांग योग कहकर वे यही कहना चाहते थे कि जैसे सभी अंगों से मिलकर शरीर बनता है, उसी तरह योग भी अनेक पक्षों से मिलकर बना है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि सबको मिलाकर ही योग की रचना पूर्ण होती है। किसी एक अंग (जैसे-आसन या प्राणायाम) मात्र को ही योग कहना अतिव्याप्त करने वाली बात है।



योग से ही संभव है तन और मन में संतुलन। प्रतीकात्मक

योग वस्तुतः स्वयं को नियमित एवं व्यवस्थित करने की ऐसी पद्धति है, जो हमें अपना वास्तविक स्वरूप वापस दिलाती है। योग की यात्रा के साथ हम अपने दृश्य को दृश्य के रूप में और स्वयं को द्रष्टा के रूप में ग्रहण करना शुरू करते हैं। दृश्य के मजबूत बंधनों से छुटकारा पाना आसान नहीं है। हमारा चंचल मन तो सदैव दृश्य की ओर ही खिंचा रहता है। उसे दृश्य से वापस लेने या प्रत्याहार के लिए हमारे द्वारा सजग चेष्टा जरूरी होती है। गीता की मानें तो उसके लिए गहन अभ्यास और दृश्य विषय के प्रति आकर्षण कम करना होगा। उसके साथ बर्ताव तो करना होगा, परंतु आंखें मूंदकर नहीं, अपितु विवेक के साथ। उसके साथ हमें अनासक्त भाव से व्यवहार करना होगा। आंख, कान और नाक आदि स्वभाववश देखने, सुनने और सूंघने का काम तो करेंगे, पर क्या और कितना देखें, सुनें और सूंघें, यह इन ज्ञानेंद्रियों या बाहर उपस्थित विषयों पर नहीं छोड़ा जा सकता।

भौतिक दुनिया के हमारे ज्ञान और आविष्कार की बदौलत आज हमारा दृश्य जगत तीव्र गति से अत्यंत गतिशील और निरंतर बदलने वाला होता जा रहा है। उसे देख और उससे जुड़ने के बाद जो रोमांच होता है, वह हमें अस्थायी दृश्य में सत्य के आभास देने के साथ उसे और दृढ़ता से बांधने वाला होता जा रहा है। भावी दृश्यों की शृंखला की कल्पना हमें उसकी अनित्यता, अस्थायित्व या मिथ्यापन को ढक लेती है। ऐसे दृश्य सतत अशांति को पैदा करते हैं, पर हमारी मजबूरी यह है कि दृश्य से बंधकर हम उनको क्लेश भी नहीं समझते, क्योंकि ऊपर से वे बड़े प्रिय लगते हैं। दृश्यों की विकराल विकट छाया हम पर इस तरह हावी होती जाती है कि हम उसी में खो जाते हैं। योग इस महारोग का उपचार है, जो हमें हमारी अपनी समझ वापस लौटाता है। वह हमें पुनः अपने स्वरूप में यानी द्रष्टा की भूमिका में स्थापित करता है।

(लेखक दर्शनशास्त्री हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

महत्वाकांक्षा

महत्वाकांक्षा हमारे अंतर्मन में प्रस्फुटित होने वाली ऐसी आंतरिक ऊर्जा है, जो हमें अपने वर्तमान से आगे बढ़कर भविष्य के बेहतर स्वरूप की कल्पना करने और उसे साकार करने हेतु अभिप्रेरित करती है। महत्वाकांक्षा से मुक्त जीवन एक ऐसी यात्रा की भांति हो सकता है, जिसमें मार्ग तो स्पष्ट हैं, परंतु गंतव्य का कोई बोध नहीं है। महत्वाकांक्षा का संबंध मात्र बड़े पद, धन या प्रसिद्धि प्राप्त करने से ही नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें श्रेष्ठतम रूप में विकसित करने के प्रयास से है।

सकारात्मक महत्वाकांक्षा व्यक्ति को परिश्रम, अनुशासन और धैर्य की ओर ले जाती है, जबकि नकारात्मक महत्वाकांक्षा व्यक्ति को अहंकार, असंतोष और अनैतिक रास्तों की ओर धकेल सकती है। जब महत्वाकांक्षा प्रतिस्पर्धा से जुड़ जाती है, तब जीवन में तनाव और संघर्ष बढ़ने लगते हैं। इसलिए आवश्यक है कि महत्वाकांक्षा के साथ विवेक और नैतिकता भी जुड़ी रहे। अपेक्षाओं के दबाव से परिपूर्ण परिवेश में यह नितांत आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी रुचि, योग्यता और मूल्यों के आधार पर ही अपनी महत्वाकांक्षाएं तय करे। दूसरों की सफलता को देखकर अपने सपनों का निर्माण करना निश्चित ही भ्रम एवं अतार्किक महत्वाकांक्षाओं को जन्म देता है। जबकि अपनी क्षमताओं को आंकते हुए आगे बढ़ना स्थायी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। महत्वाकांक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर रूप देते हुए समाज को नई दिशा देती है। यह जीवन की वह द्युति है, जो व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। आवश्यकता इस बात की है कि यह द्युति अहंकार की अग्नि में न परिवर्तित हो, अपितु ज्ञान, परिश्रम और सेवा के प्रकाश में रूपांतरित हो। दिशायुक्त महत्वाकांक्षा न केवल व्यक्ति का निर्माण करती है, बल्कि समाज की प्रगति का आधार भी बनती है।

प्रेरणा अवस्थी

मानसून पर अटलांटिक का प्रभाव

मुकुल व्यास

उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिये मानसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं

पिछले कुछ वर्षों से भारतीय मानसून में बदलाव हो रहा है। विज्ञानी इस बदलाव के कारणों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। अब एक रिसर्च से पता चलता है कि उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के एक ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिये भारतीय गर्मियों के मानसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं। ध्यान रहे कि जेट स्ट्रीम हवाएं पृथ्वी के वायुमंडल में नौ से 16 किलोमीटर की ऊंचाई पर बहने वाली तेज गति वाली संकरी वायुधाराएं हैं। तापमान के अंतर और पृथ्वी के घूर्णन से संचालित ये हवाएं वायुमंडलीय सीमाओं के रूप में कार्य करती हैं, जो वैश्विक मौसम के पैटर्न को आकार देती हैं और वाणिज्यिक विमानन मार्गों को प्रभावित करती हैं। भारतीय गर्मियों का मानसून बारिश का एक पैटर्न है, जो जून से सितंबर तक रहता है और यह गर्म उत्तरी हिंद महासागर और भूमध्य रेखा के नीचे ठंडे समुद्री पानी के बीच तापमान के अंतर से चलता है। शुरू में मानसून ने भारत के पश्चिमी तट और उत्तरी भारत के एक बड़े इलाके (इंडो-गैंगेटिक प्लेन) में भारी बारिश शुरू की थी, लेकिन 1999 से यह पैटर्न बहुत बदल गया है। उत्तर पश्चिम भारत में अब मानसून सीजन में 1999 से पहले के मुकाबले लगभग 25 प्रतिशत ज्यादा बारिश होती है, जबकि गंगा के मैदानी इलाकों में लगभग चार प्रतिशत कम बारिश होती है।

भारत काफी हद तक खेती पर निर्भर है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने पर अचानक बाढ़ आ जाती है और फसलों का नुकसान होता है, क्योंकि इस इलाके की खेती सूखे हालात के हिसाब से ढल गई है। इस बीच, गंगा के मैदानी इलाकों में सूखे के दौर भी आए हैं, जिससे फसलों में भी कमी आई है और किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा है।

पिछले अध्ययनों ने भारतीय मानसून में परिवर्तन को अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) में बदलाव से जोड़ा था। एएमओसी अटलांटिक में समुद्री धाराओं का एक बड़ा जाल है, जो वैश्विक जलवायु को नियमित करता है और उत्तरी गोलार्द्ध में गर्मी पहुंचाता है, लेकिन इन अध्ययनों में यह नहीं बताया गया था कि भारतीय मानसून कैसे बदल सकता है। मौजूदा जलवायु माडल भारतीय मानसून में हुए बदलावों को नहीं दिखाते हैं, क्योंकि वे उत्तरी अटलांटिक महासागर की सतह के तापमान में बदलाव को भी पूरी तरह से ग्रहण नहीं करते हैं। इन माडलों ने ग्रीनलैंड के दक्षिण-पूर्व में एक अत्यंत ठंडे क्षेत्र पर गौर नहीं किया जिसे "कोल्ड ब्लाब" के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र में 1901 और 2021 के बीच पानी 1800 के दशक के अंत की तुलना में ज्यादा ठंडा था। कोल्ड ब्लाब बताता है कि एएमओसी कमजोर हो रहा है। मानसून में बदलाव के लिए यही ब्लाब जिम्मेदार है।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

राजरंग

अटकलों का अखाड़ा

भाजपा मुख्यालय में आजकल अलग-अलग तरह की अटकलें दौड़ रही हैं। इनमें भी नए अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम के बजाय मंत्रिमंडल में संभावित विस्तार की अटकलें कहीं ज्यादा जोर पकड़ रही हैं। नवीन की नई टीम में नए चेहरों को तरजीह मिलने की बातें हो रही हैं और कहा जा रहा है कि कुछ नाम चौंकाने वाले भी हो सकते हैं। वहीं, लंबे समय से संगठन में सेवा दे रहे कुछ नेताओं को मंत्रिमंडल का मेवा मिलने की आस बंधी है। उनके समर्थक उनकी उम्मीदों को परवान चढ़ाने में भी लगे हैं। हालांकि अभी न तो यह तय है कि कब नए अध्यक्ष की टीम गठित होगी और कब मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, लेकिन तब तक अटकलों के अखाड़े में अनुमानों की अभिव्यक्ति पर विराम लगता नहीं दिख रहा।

कांग्रेस की दुविधा

कांग्रेस इन दिनों बड़ी कशमकश के दौर से गुजर रही है। उसकी वजह है कावेरी नदी से संबंधित बांध परियोजना। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार चाहती है कि बढ़ती आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए परियोजना पर काम आगे बढ़े, लेकिन तमिलनाडु में सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी होने के नाते कांग्रेस विरोध में खड़ी है। दोनों राज्यों में कांग्रेस की राजनीतिक मजबूरियां हैं। हालांकि दोनों प्रदेशों में नेता-कार्यकर्ता अपने-अपने तर्कों और ताकत के साथ मैदान में डटे हैं। ऐसे में आलाकमान की हालत उस अभिभावक जैसी हो गई है, जिसके दो बच्चे किसी मुद्दे पर आमने-सामने खड़े हैं और दोनों को भरोसा है कि फैसला उनके पक्ष में आएगा। दोनों राज्यों के कांग्रेस नेता अपने रुख पर अड़े हैं और शीर्ष नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन कब तक? संतुलन की रस्सी पर ज्यादा देर तक चलना आसान नहीं होता। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि शीर्ष नेतृत्व किसका पक्ष लेता है। तमिलनाडु का या कर्नाटक का?

छूटता नहीं लालबत्ती का मोह

शासन की हनक की रंगत ही कुछ ऐसी होती है कि मर्यादा और कानून को ताक पर रखने से गुरेज नहीं किया जाता। गाड़ियों में लाल बत्ती लगाकर हूटर बजाने पर सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों पहले ही पाबंदी लगा 'पावर' की इस हनक को लगभग समाप्त कर दिया था, लेकिन सत्ता सियासत ही नहीं, बल्कि नौकरशाही में कुछ लोग अब भी इसका मोह नहीं छोड़ पाते। इसलिए लालबत्ती की हनक दिखाने का रास्ता निकाल ही लेते हैं। नए तरीके के तहत ऐसे लोग अपनी सुरक्षा या पायलट गाड़ी का बखूबी इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस की लालबत्ती लगी ऐसी गाड़ियां अक्सर राज्यों तथा जिले स्तर पर जनता को भगाने के अंदाज में जनता से सड़कें खाली कराते हुए दिख जाती हैं तो देश की राजधानी भी इससे अछूती नहीं है। लुटियन दिल्ली में भी अचानक असहज करते हूटर के साथ पुलिस की लालबत्ती वाली गाड़ियां हांकने के अंदाज में आम नागरिकों से सड़कें खाली कराती दिख जाती हैं। दिलचस्प यह है कि सुप्रीम कोर्ट परिसर से कुछ सौ मीटर की दूरी पर भी शीर्ष अदालत के फैसले को हूटर के जरिये चिढ़ाती ऐसी गाड़ियों की कमी नहीं।

स्वाद किरकिरा

पत्रकारों की आड़ में विशेष व्यंजन डकारने वाले सरकारी कर्मियों का मजा किरकिरा हो गया है। दरअसल कैबिनेट ब्रीफिंग के बाद पत्रकारों के लिए भोज में विशेष प्रकार के व्यंजन की व्यवस्था की जाती थी। खासतौर पर जिस किसी राज्य से संबंधित कैबिनेट में कोई फैसला होता था तो उस राज्य के खास व्यंजन को उसमें रखा जाता था। सूचना एवं प्रसारण मंत्री बाकायदा बता देते थे कि आज उनके लिए भोज में क्या विशेष है। हालांकि पत्रकारों के बजाय मीडिया सेंटर में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी ही उसका लुत्फ उठाते थे, लेकिन पिछले एक माह से इस चलन को बंद कर दिया गया है। वजह तो किसी को नहीं पता, लेकिन कर्मचारियों को अब कैबिनेट ब्रीफिंग का इंतजार नहीं रहता है।

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

50 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल रूस से आयात कर रहा है भारत अपनी जरूरतों का, शिप ट्रैकिंग डाटा के अनुसार।

आजकल

अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

सफल राजनय का फार्मूला मोदीनामिक्स

आज अंतरराष्ट्रीय राजनय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक नेताओं के साथ जिस तरह के व्यक्तिगत संबंध बनाए हैं, उसका लाभ देश को हो रहा है। मोदी भारत की ताकत को न केवल पहचानते हैं, बल्कि इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय राजनय में बहुत बेहतर तरीके से करते हैं। बगैर आक्रामक दिखे दृढ़ता से देशहित के लिए कदम उठाते रहते हैं। 150 करोड़ भारतवासियों की ताकत और राजनय में प्रधानमंत्री की गंभीरता मोदीनामिक्स को विशिष्टता प्रदान करती है। आने वाले समय में प्रधानमंत्री मोदी की जब उपलब्धियों और चुनौतियों पर शोधादि होंगे तो मोदीनामिक्स उसके केंद्र में होगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व शैली और कूटनीति के मुरीद हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। फाइल

विश्व के सात उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी-7 की बैठक फ्रांस के शहर एवियन में हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस सम्मेलन में भाग लेने का समाचार आया, तो सबकी निगाहें प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की वहां होने वाली मुलाकात पर टिक गई। सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच भेंट हुई। मोदी विरोधियों को उम्मीद थी कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच कुछ ऐसा घटित होगा जिससे कि मोदी को घेरा जा सकेगा। हुआ इसके ठीक विपरीत। प्रधानमंत्री जब सम्मेलन कक्ष में पहुंचे, तो राष्ट्रपति ट्रंप अपनी कुर्सी से उठकर उनसे गर्मजोशी से मिले। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस कांफ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत में मोदी विरोधियों की आशाओं पर पानी फेर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा भी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने उठाया। मजबूती के साथ अपनी बात रखी।

इस प्रेस कांफ्रेंस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की। जब उनसे महान नेता की परिभाषा पूछी गई, तो उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी, जो 12 वर्ष से प्रधानमंत्री हैं और बहुत सालिड हैं। वह काम बहुत शांति से करते हैं, लेकिन बहुत सख्त हैं। यह मैं बहुत अच्छे से जानता हूं। वह 150 करोड़ आबादी वाले देश के नेता हैं और निरंतर बने हुए हैं। जब ट्रंप बार-बार प्रधानमंत्री मोदी के लिए शांत, लेकिन सख्त शब्द का प्रयोग कर रहे हैं, तो इसका विश्लेषण करना चाहिए। पिछले वर्ष अप्रैल में पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 भारतीयों की धर्म पूछकर हत्या की थी। उस आतंकी वारदात के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए आपरेशन सिंदूर आरंभ किया। पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला कर दिया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। 10 मई को संघर्ष विराम हुआ। तब से कई महीनों तक जब भी राष्ट्रपति ट्रंप को अवसर मिलता वे इस बात को कहते कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम उन्होंने ही करवाया। इस बात को उन्होंने पचास से अधिक बार दोहराया। जब भी डोनाल्ड ट्रंप यह बात कहते, तो यहां विपक्षी दलों के नेता प्रधानमंत्री को घेरने का प्रयास करते। उनकी विदेश नीति को लेकर प्रश्न खड़े करने लगते। उसी समय अमेरिका ने एकतरफा टैरिफ बढ़ाने की घोषणा कर दी थी। उस दौर में राष्ट्रपति ट्रंप भारत को लेकर सकारात्मक टिप्पणी नहीं करते थे। एक बार तो उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के डेड (मृत) होने की बात तक कह डाली थी। उनके बयानों पर यहां मोदी विरोधी सक्रिय हो जाते। यह सिलसिला कई महीनों तक चला। इस बीच प्रधानमंत्री कनाडा के दौरे पर गए थे। उनकी और ट्रंप की फोन पर बातचीत हुई। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से वाशिंगटन होते हुए भारत लौटने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ट्रंप के उस अनुरोध को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों का हवाला देकर टाल दिया था। इसको अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक बड़े कदम के तौर पर देखा गया था। ट्रंप की बयानबाजियों का मोदी ने कोई नोटिस ही नहीं लिया। कोई प्रतिक्रिया ही नहीं दी। मोदी की इस उदासीनता के भाव ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को नया आयाम दे दिया।

होर्मुज जलमार्ग के बंद होने पर जब कच्चे तेल का संकट हुआ, तो भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर प्रतिबंध लगाया था, पर भारत-रूस संबंध पर उसका असर नहीं पड़ा। अमेरिका ने एकतरफा प्रतिबंध लगाया था और अपनी तरफ से ही एक महीने की छूट दी। वह छूट भी खत्म हो गई, लेकिन उसके बारे में फिर कोई बयान नहीं आया। इस वर्ष जून में जिस मात्रा में भारत रूस से कच्चा तेल आयात कर रहा है वह एक नया कीर्तिमान बनने की ओर बढ़ रहा है। शिप ट्रैकिंग डाटा के अनुसार भारत अपनी जरूरतों का 50 प्रतिशत से अधिक तेल रूस से आयात कर रहा है। बिना किसी बयानबाजी के यह काम निर्बाध गति से चलता रहा। यह प्रधानमंत्री मोदी का अपना इकोनामिक्स है, जिसको अंतरराष्ट्रीय राजनय में मोदीनामिक्स कहा जाने लगा है। दरअसल जब राष्ट्रपति ट्रंप मोदी को टफ निगोशिएटर कहते हैं, तो उसके पीछे मोदी की खामोश पर दृढ़ निर्णयों की पृष्ठभूमि है। राहुल गांधी भले ही प्रधानमंत्री मोदी को कंप्रोमाइज्ड प्राइम मिनिस्टर कहें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री की जो स्थिति है, वह इस बयान को बचकाना साबित करता है। फ्रांस में जी-7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जितने भी वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, वे सब इस बात की गवाही देने के लिए पर्याप्त हैं कि मोदीनामिक्स कैसे काम कर रहा है। आज अंतरराष्ट्रीय राजनय में मोदी ने वैश्विक नेताओं के साथ जिस तरह के व्यक्तिगत संबंध बनाए हैं, उसका लाभ देश को हो रहा है। इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने भले ही मजाक में कहा हो कि वह और मोदी वायरल कपल हैं, लेकिन इससे दोनों देशों के संबंधों में एक निकटता झलकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जिस तरह से हिंदी में बोलकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया और भारत-फ्रांस मैत्री के अमर रहने की बात की, वह दोनों देशों की निकटता को दर्शाता है।

इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के दौरान जिस तरह से खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत किया, वह भी अंतरराष्ट्रीय राजनय में एक मिसाल है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के बाजार की ताकत को न केवल पहचानते हैं, बल्कि अपनी इस ताकत का उपयोग अंतरराष्ट्रीय राजनय में बहुत बेहतर तरीके से करते हैं। बगैर आक्रामक दिखे दृढ़ता से देशहित के लिए कदम उठाते रहते हैं। 150 करोड़ भारतवासियों की ताकत और राजनय में प्रधानमंत्री की गंभीरता मोदीनामिक्स को विशिष्टता प्रदान करती है। यह अनायास नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कहते हैं कि अगर भारत पर संकट आया, तो अमेरिका साथ खड़ा रहेगा। अगली ही पंक्ति में यह भी कह देते हैं कि जब तक मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। अगर खाड़ी संकट नहीं आता और देश की अर्थव्यवस्था पर उसका असर नहीं पड़ता, तो भारत ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी थी वह कायम रहती। खाड़ी संकट के दौरान ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत ने जिस तरह की रणनीति अपनाई, उसके कारण ही जनता पर बहुत अधिक बोझ नहीं पड़ा। जिस तरह से ऊर्जा चुनौतियों का सामना भारत ने किया और नई जगहों से अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया, वह एक केस स्टडी है। आने वाले समय में प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में जब उपलब्धियों और चुनौतियों पर शोधादि होंगे तो मोदीनामिक्स उसके केंद्र में होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

स्वस्थ जीवन का सूत्र

आचार्य राघवेंद्र पी. तिवारी
कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

आज की भागदौड़ भरी और तकनीक से जकड़ी दुनिया में हमारी दिनचर्या बेहद व्यस्त हो चुकी है। हमारे दिमाग में हर समय सूचनाओं और नोटिफिकेशन का शोर बना रहता है, जिसके कारण तनाव जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इस आपाधापी के बीच, भारत की लगभग पांच हजार साल पुरानी योग विधा पूरी दुनिया के लिए एक शांत और सुरक्षित माध्यम बन गई है। प्रतिवर्ष इक्कीस जून को पूरी दुनिया एक सुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाती है। यह दिन केवल शरीर को अलग-अलग मुद्राओं में मोड़ने का नहीं है, बल्कि मानसिक शांति, बेहतर स्वास्थ्य और एकजुटता का उत्सव मनाने वाला वैश्विक आंदोलन बन चुका है। हालांकि आसन योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन केवल शुरुआती चरण में ही। महर्षि पतंजलि ने अपने योग सूत्र में लिखा है कि मन में उठने वाले विचारों और चंचलता को शांत करना ही असल में योग है। अपने मूल रूप में योग जीवन जीने का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो मन, शरीर और आत्मा के मध्य सेतु बनता है। इसमें आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान एवं जीवन जीने के नियम शामिल हैं। यह शरीर को लचीला बनाने से कहीं अधिक हमारे मस्तिष्क के शोर को शांत करने और स्वयं को गहनता से समझने का सर्वथा श्रेष्ठ मार्ग है। इस प्राचीन कला को संपूर्ण विश्व का उत्सव बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' है। यह विषय आज की वैश्विक स्थिति को दर्शाता है, जहां लोगों की औसत उम्र तो बढ़ रही है, लेकिन चुनौती केवल लंबा जीने की नहीं बल्कि स्वस्थ और बेहतर जीने की है। योग इस मामले में ढलती उम्र के लोगों के लिए शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक मजबूती बनाए रखने का एक उत्तम मार्ग साबित हो रहा है। योग की सबसे बड़ी खूबी इसका लचीलापन और सहजता है।

आम लोगों के लिए योग रोजमर्रा की समस्याओं का एक बेहद सरल समाधान है। आज की गतिहीन जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह और पीठ का दर्द जैसी समस्याओं हेतु यह एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है। जब हम योग के दौरान अपनी सांसों पर नियंत्रण करते हैं, तो हमारा दिमाग तनाव वाली स्थिति से निकलकर शांति की अवस्था में आ जाता है। इससे शरीर में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन कम होते हैं, घबराहट दूर होती है और रात को नींद भी बहुत अच्छी आती है। योग हमें बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने विचारों को देखना सिखाता है। जब हम 'योग-मैट' पर किसी कठिन मुद्रा में खुद को संभालना सीख जाते हैं, तो अनजाने में हम जीवन के मुश्किल हालातों में भी शांत रहना सीख रहे होते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमें इसे केवल एक दिन के आयोजन या किसी वार्षिक चलन के रूप में नहीं, अपितु अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाने के माध्यम के रूप में स्वीकार करना चाहिए। एक ऐसी दुनिया में जो हमें लगातार अधिक से अधिक चीजों को प्राप्त करने और दौड़ते-भागते रहने के लिए उकसाती है, योग बहुत शांति से हमारे कान में एक बात कहता है कि बस थोड़ी देर के लिए रुकिए, गहरी सांस लीजिए और स्वयं का अनुभव कीजिए।

पोस्ट

उद्धव ठाकरे अब अपनी शिवसेना के बागी सांसदों पर पार्टी की विचारधारा से गद्दारी का आरोप लगा रहे हैं। वैसे, जब उन्होंने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी तो पार्टी की विचारधारा कहां गई थी।
अनुपम मिश्रा@scribe9104

दलबदल की बहुत आलोचना होती है। होनी भी चाहिए, लेकिन पक्षबदल का क्या? पार्टियां चुनाव मिल कर लड़ें और चुनाव बाद विरोधी दल के साथ मिलकर सरकार बना लें। दलबदल पर रोक के लिए तो संवैधानिक प्रविधान हैं, किंतु पक्षबदल के लिए नहीं है।
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

यदि होर्मुज जलमार्ग पर नियंत्रण के लिए संघर्ष बढ़ा तो इसकी आग केवल खाड़ी देशों तक सीमित नहीं रहेगी। पूरी दुनिया को महंगाई और अस्थिरता के रूप में इसकी कीमत चुकानी होगी। पश्चिम एशिया अब केवल मजहबी वर्चस्व और राजनीति का रणक्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक स्वार्थों की शतरंज बन चुका है।
डा. अवनींद्र कुमार राय@avanindra43

अफगानिस्तान के विरुद्ध श्रृंखला में केएल राहुल ने महज 20 गेंदें ही खेलीं। ऐसे में, तीसरे मैच में उन्हें 'आराम' के नाम पर अंतिम एकादश से बाहर रखने का फैसला बेतुका ही कहा जाएगा।
डोडा गणेश@doddaganesha

रचनाकर्म

विशिष्ट शैली के राजनेता का चित्रण

ब्रजबिहारी

एक बेहतर पेंटिंग बनाने से ज्यादा आसान काम होता है उसमें नुक्स निकालना, लेकिन कुछ प्रतिभाएं ऐसी होती हैं जो कमियों की ओर भी इशारा करती हैं और उससे श्रेष्ठ कलाकृति गढ़कर भी दिखाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे ही विशिष्ट व्यक्तित्व हैं। सबसे कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओं के भंवर से निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा स्थापित करने तक उन्होंने इसे प्रमाणित किया है। ऐसी ही शख्सीयत के साथ पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से नजदीकी से जुड़कर कर्मशील शिवराज सिंह चौहान ने अपनी नई कृति 'अपनापन' में उन पर कलम उठाई है तो यह निश्चित रूप से पठनीय होगी।

दिल्ली में 'एकता यात्रा' के कार्यक्रम में 21 नवंबर, 1991 को पहली बार लेखक की नरेन्द्र मोदीजी से मुलाकात हुई। लेखक को उनके उन गुणों को सामने से देखने का मौका मिला, जिसे आज पूरा देश और दुनिया देख रही है। जनमानस में चेतना जगाना, सबको एक उद्देश्य और अनुशासन की डोर में पिरोना और संकल्प को सिद्धि में बदल देना। इसलिए यह एक ऐसी आत्मीय और प्रेरणादायी कृति बन गई है, जिसमें लेखक प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में देखे, सीखे और आत्मसात किए अनुभवों का सजीव चित्रण प्रस्तुत कर पाए हैं। जब दोनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे, जब वे अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री थे, जब वे मुख्यमंत्री और मोदीजी भारत के प्रधानमंत्री थे और आज जब वे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री हैं। यह पुस्तक उन मूल्यों, दृष्टिकोण और कार्यशैली को भी अभिव्यक्त करती है, जिन्हें उन्होंने इस दीर्घ सहयात्रा में आत्मसात किया।

यह पुस्तक केवल घटनाओं का ब्योरा ही नहीं देती, बल्कि उनके पीछे छिपे विचारों की यात्रा भी कराती है। पाठक इस बात को समझ पाएगा कि कैसे संगठन, समर्पण और संदेश के माध्यम से नेतृत्व, सेवा और राष्ट्र-निर्माण के सूत्र मिलते हैं। ये न केवल शासन-प्रशासन की दिशा तय करते हैं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा भी देते हैं। यह पुस्तक बताती है कि दृढ़ संकल्प, स्पष्ट दृष्टि और अनथक परिश्रम से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। जब शिवराज जी लिखते हैं, 'जहां काम, वहां विजय...चुनावी विश्लेषक इन पहलुओं को भले ही अनदेखा कर देते हैं, पर यह हमारी विजय का रामबाण रसायन है।... केसरिया गमछा केवल एक वस्त्र नहीं है; यह विजय की प्रतिज्ञा है।', तो पाठक को समझ में आ जाता है कि 2014 के बाद दो बार अवसर मिलने पर भी विपक्ष मोदी सरकार को हटा पाने में क्यों विफल हो रहा है।

यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ लेखक के अपने तीन दशकों के संबंधों और विभिन्न भूमिकाओं में किए कार्यों, उनसे सीखे और आत्मसात किए अनुभवों का रोचक तरीके से चित्रण करती है...



पुस्तक का नाम : अपनापन
लेखक : शिवराज सिंह चौहान
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन
मूल्य : 599 रुपये

इस पुस्तक में विशेष तौर पर कृषि सुधारों पर काफी विस्तार से चर्चा है। यह इससे संबंधित माइक्रो प्लानिंग और उसके मैक्रो इंपैक्ट को विस्तार से सामने लाती है। ऐसे परिवर्तन, जिन्होंने बीते दो दशकों में भारत में कृषि को निर्णायक रूप से बदला है। इसलिए यह विशेषज्ञों के लिए भी उपयोगी है।

यह इतिहास के विद्यार्थियों के लिए मूल्यवान है। राजनीति में आने के इच्छुक युवा इससे सीख सकते हैं कि जड़ों से जुड़े रहना कितना आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि किसी कार्य में सफलता मिले तो कोई विराम नहीं लेना चाहिए, बल्कि अगले दिन से ही नई ऊर्जा के साथ नए कार्य की तैयारी शुरू हो जानी चाहिए। आश्चर्य नहीं है कि जहां विपक्ष के नेता चुनाव हारने के बाद विदेश भ्रमण पर निकल जाते हैं, वहीं सत्ताधारी दल की मशीनरी नए चुनौतियों से पार पाने की तैयारी में जुट जाती है।

देश के गद्दारों का दस्तावेज

आकांक्षा अवस्थी

भारत की पवित्र भूमि में ऐसे अनेक शूरवीर हुए हैं, जिन्होंने समय आने पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज तक देशवासियों के लिए अनुकरणीय है, लेकिन इतिहास में ऐसे भी कई अवसर आए हैं, जब मातृभूमि के साथ-साथ राष्ट्रप्रेमी इतिहास-पुरुषों के साथ भी विभिन्न कालखंडों में अनेक गद्दारों ने गद्दारी की। हमारे देश में जब से विदेशी आक्रमणकारियों का आना आरंभ हुआ, तब से ही अनेक गद्दारों ने अथवा देशद्रोही और देशविरोधी लोगों ने भी अपना खेल आरंभ कर दिया। यह श्रृंखला बहुत लंबी है।

सिकंदर आया तो राजा आंभी और उसके पश्चात गजनी, गौरी, अलाउद्दीन खिलजी, बाबर, नादिरशाह आदि के काल में भी यही खेल चलता रहा। ब्रिटिश काल में भी अनेक ऐसे देशद्रोही उत्पन्न हुए, जिन्होंने क्रांतिकारियों के विरुद्ध षड्यंत्र रचे और उन्हें गिरफ्तार करवाया। कहने का अभिप्राय है कि गद्दारी के विभिन्न स्वरूप हैं, जो हमें आज भी किसी न किसी रूप में हमारे समक्ष खड़े दिखाई देते हैं।

लेखक राकेश कुमार आर्य की 'भारत के विश्वासघाती' पुस्तक में ऐसे ही अनेक विश्वासघातियों के कृत्यों के बारे में विस्तार से बताया गया है। इस दृष्टिकोण से यह पुस्तक इतिहास का एक ऐसा दस्तावेज है, जो विश्वासघातियों पर समग्रता से प्रकाश डालने में सक्षम है। पुस्तक में कई ऐसे गद्दारों को स्थान दिया गया है, जिनके बारे में इतिहास में बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।



पुस्तक : भारत के विश्वासघाती
लेखक : राकेश कुमार आर्य
प्रकाशक : प्रभात प्रकाशन
मूल्य : 400 रुपये

पुस्तक का दृष्टिकोण और उद्देश्य स्पष्ट करता है कि गद्दारी किस प्रकार हमारे लिए अभिशाप बनी है। हमें यह पता होना चाहिए कि देश के गद्दारों ने कब-कब और कैसे-कैसे साजिश रचे हैं और उनके कारण हमारी रणक्षेत्र में होने जा रही विजय पराजय में किस प्रकार परिवर्तित हो गई?

जागरण जनमत

कल का परिणाम

झारखंड के राज्यसभा चुनाव परिणाम आइएनडीआइए में कलह को बयान करते हैं?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से विश्व में भारत की साफ्ट पावर बढ़ी है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

नीट परीक्षा हो रही जैसे कोई जंग,
सोच रही सरकार ना पड़े रंग में भंग।
पड़े रंग में भंग न हो फिर छीछालेदर,
निपट जाय बेदाग परीक्षाओं का बेदर!
कोशिश अपने हाथ शेष तो प्रभु की इच्छा,
हो बिन पेपर लीक काश यह नीट परीक्षा।
-ओम प्रकाश तिवारी

मलयालम सिनेमा की यात्रा का आख्यान

मानवीय संवेदनाओं की गहन पड़ताल, सामाजिक यथार्थ से गहरे सरोकार और निरंतर प्रयोगधर्मी कथाशिल्प के बल पर मलयालम सिनेमा ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। किंतु इसके अनेक महत्वपूर्ण अध्याय आज भी केरलम के बाहर कम परिचित हैं। 'टिकट टू केरलः द स्टोरी आफ मलयालम सिनेमा' में एस.आर. प्रवीण इस अल्पपरिचित विरासत को प्रस्तुत करते हैं। दो खंडों में विन्यस्त यह पुस्तक मलयालम सिनेमा की एक शताब्दी लंबी यात्रा का वृत्तांत प्रस्तुत करती है। पुस्तक का पहला खंड समकालीन मलयालम सिनेमा की 'न्यू वेव' पर केंद्रित है। इसमें ओटीटी मंचों के विस्तार, महामारी के बाद बदलती दर्शकीय प्रवृत्तियों, मलयालम सिनेमा की बढ़ती राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का विश्लेषण किया गया है।

यतीन्द्र मिश्र

आगे लेखक महत्वपूर्ण तथ्यों और प्रसंगों के सहारे मलयालम सिनेमा की ऐतिहासिक जड़ों और रचनात्मक विकासक्रम से परिचित कराते हैं, जिसके बिना इसकी वर्तमान उपलब्धियों को समझना अधूरा है। इसका जन्म ही संघर्ष के बीच हुआ। पहली मलयालम फीचर फिल्म 'विगतकुमारन' (1928) के निर्माता-निर्देशक जे. सी. डेनियल को वह मान्यता नहीं मिल सकी, जिसके वे अधिकारी थे। पुस्तक मलयालम सिनेमा के विकासक्रम के विविध पड़ावों स्टूडियो युग, समानांतर नई लहर, 'मिडिल सिनेमा' तथा केरलम के समाज, राजनीति और सिनेमा के अंतर्संबंधों का विवेचन करती है। फिल्म सोसायटी आंदोलन, फिल्म क्लबों के गठन और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 'इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आफ केरलम' की भूमिका। साथ ही 'विमेन इन सिनेमा कलेक्टिव' के गठन और लैंगिक समानता तथा संस्थागत सुधार के विमर्श भी पुस्तक में हैं। मलयालम सिनेमा की अभिनेत्रियों का संक्षिप्त, किंतु आकर्षक कोलाज प्रस्तुत है, जिसमें मिस कुमारी, शीला, शारदा, उर्वशी, मंजू वारियर, पार्वती तिरुवोथु और निमिषा सजयन सहित विभिन्न पीढ़ियों की कलाकारों के योगदान से स्त्री-अभिव्यक्ति की झलक मिलती है। पुस्तक में सम्मिलित साक्षात्कार इसे और अधिक प्रामाणिक बनाते हैं। भाषा और प्रस्तुति के अलावा पत्रकारिता-जन्य तथ्यपरकता और सिनेमा-प्रेमी की संवेदनशील दृष्टि का संतुलन इसे शोधपरक होने के साथ पठनीय बनाता है।



पुस्तक : टिकट टू केरल : द स्टोरी आफ मलयालम सिनेमा
लेखक : एस.आर. प्रवीण
प्रकाशक : रूपा पब्लिकेशंस
मूल्य : 495 रुपये

यह जिस्म और रूह तो एक हैं

मौलाना जलालुद्दीन मुहम्मद रूमी (1207-1273) और इब्न-ए-बतूता (1304-1369) इतिहास के दो ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व, जिन्होंने अपने-अपने ढंग से समय की सीमाओं का अतिक्रमण किया। एक ने प्रेम, अध्यात्म और आत्मानुभूति को शब्द दिए, तो दूसरे ने संसार को अपनी तीन दशकों लंबी यात्राओं में समेट लिया। इतिहास में इन दोनों का मिलना संभव नहीं था। रूमी के निधन के वर्षों बाद इब्न-ए-बतूता का जन्म हुआ। किंतु साहित्य उन मुलाकातों को संभव बना देता है, जिन्हें इतिहास असंभव मानता है। 'दोजखनामा' जैसी बहुचर्चित कृति के रचयिता बांग्ला के विशिष्ट कथाकार रबिशंकर बल की 'रूमीः एक आईना-सी जिंदगी' इसी रचनात्मकता का सुंदर उदाहरण है।

उपन्यास का केंद्र रूमी अवश्य हैं, किंतु इसे उनकी जीवनी कहना इसकी रचनात्मकता को सीमित कर देना होगा। यहां 'मौलाना' के नाम से रूमी के इर्द-गिर्द असंख्य किस्से, स्मृतियां और लोककथाएं घूमती रहती हैं। कोन्या के भोजन, बाजारों और जनजीवन का चित्रण शानदार है। रूमी के रहस्यमय व्यक्तित्व से प्रभावित इब्न-ए-बतूता 'मसनवी' की पांडुलिपि की खोज में निकल पड़ते हैं। इस खोज में इब्न-ए-बतूता की मुलाकात रूमी के मुरीदों, दरवेशों और अंततः याकूत अल-मुस्तासिमी से होती है, जिनसे उन्हें पांडुलिपि के साथ अनेक कथाएं प्राप्त होती हैं।



पुस्तक : रूमी : एक आईना-सी जिंदगी
लेखक : रबिशंकर बल
अनुवाद : अमृत बेरा
प्रकाशक : रेख्ता प्रकाशन
मूल्य : 349 रुपये

यहां उपजती दास्तानें उपन्यास को उसका विशिष्ट शिल्प प्रदान करते हुए शम्स तबरेज के रूमी के जीवन में प्रवेश से आरंभ होकर मसनवी की रचना-भूमि तक पहुंचती है। इस यात्रा में पाठक मौलाना जलालुद्दीन बल्खी के धीरे-धीरे रूमी में रूपांतरित होने की प्रक्रिया का साक्षी बनता है। रूमी और शम्स का संबंध उसके रहस्य और प्रकृति को जानना पाठकीय अनुभव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए उसे पुस्तक के पन्नों पर ही खोजा जाना बेहतर है। रबिशंकर बल की कथा-दृष्टि जादुई यथार्थवाद और भारतीय दास्तानगोई का ऐसा संगम रचती है, जहां कोई कहानी अकेली नहीं चलती। वह अपने साथ अनेक दूसरी कहानियों की आहट भी लेकर आती है। हालांकि भाषिक स्तर पर दुर्लभ फारसी-उर्दू शब्दावली कहीं-कहीं अतिरिक्त धैर्य की मांग करती है, फिर भी यह सूफियाना वातावरण को सघन बनाती है। प्रेम, विरह, सृजन और आत्मिक उत्कंठा के अनेक पड़ावों से गुजरती यह बहुपरतीय साहित्यिक यात्रा अंतिम पृष्ठ पर पहुंचकर भी समाप्त नहीं होती।

8.33 गीगावाट क्षमता के डाटा सेंटर निर्माणाधीन

नई दिल्ली: रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक इंडिया ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत में डाटा सेंटर क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है और प्रमुख बाजारों में कुल 8.33 गीगावाट क्षमता के डाटा सेंटर निर्माणाधीन हैं। इसमें से 3.75 गीगावाट क्षमता के डाटा सेंटर का निर्माण मुंबई में हो रहा है और यह शीर्ष पर है। 1.93 गीगावाट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ हैदराबाद दूसरे स्थान पर है। (एएनआइ)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम फाइनेंस, टेक्नोलाजी, बाजार पहुंच समेत कई प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उनके लिए मिलकर समाधान खोजने की जरूरत है।
– जीतन राम मांझी, केंद्रीय एमएसएमई मंत्री



इन छह तरीकों से होने वाली कमाई पर नहीं लगता टैक्स

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। पुरानी कर प्रणाली में कई करदाता आइटीआर दाखिल करते समय तमाम प्रकार की छूट पर ध्यान देते हैं। लेकिन वे कमाई के ऐसे तरीकों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिन पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगता है। आज हम आपको छह ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनसे होने वाली कमाई पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगता है। पढ़िए **मनोज कुमार** की रिपोर्ट...

विरासत में मिलने वाली संपत्ति

किसी व्यक्ति की मौत के कानूनी वारिसों को मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स नहीं लगता है। हालांकि विरासत में संपत्ति का ट्रांसफर बिना किसी बदले के होता है। फिर भी आयकर कानून में वसीयत या विरासत से मिली संपत्ति को गिफ्ट पर टैक्स लगाने वाले नियमों से अलग रखा गया है। अगर कानूनी वारिस विरासत में मिली संपत्ति से कोई कमाई करता है तो उसे इस आय पर टैक्स देना होगा।

ब्याज से होने वाली आय

आयकर कानून के तहत कुछ खास बचत और निवेश योजनाओं से मिलने वाले ब्याज पर भी टैक्स छूट मिलती है। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना, पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और वालेंट्री प्रोविडेंट फंड (वीपीएफ) प्रमुख हैं। अगर आप भी इनमें से किसी योजना से ब्याज या परिपक्वता पर कोई राशि पाते हैं तो उस पर टैक्स नहीं देना होगा। हालांकि, यह टैक्स छूट परिपक्वता पर मिलने वाली रकम पर ही मिलती है। समय से पहले पैसा निकालने पर टैक्स देना पड़ सकता है।

खास रिश्तेदारों से मिले तोहफे

आयकर कानून के अनुसार, खास रिश्तेदारों से मिलने वाले किसी भी कीमत के तोहफों पर किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नहीं लगता है। इन खास रिश्तेदारों में जीवनसाथी, माता-पिता या ससुराल पक्ष शामिल है। यही नियम गैर-रिश्तेदारों (नियोक्ता या कंपनी को छोड़कर) से शादी जैसे खास मौकों पर मिले तोहफों या नकदी पर भी लागू होता है। हालांकि, जो व्यक्ति आयकर कानून के तहत 'निर्दिष्ट रिश्तेदार' की श्रेणी में नहीं है तो उससे मिलने वाली नकदी, चल या अचल संपत्ति तोहफे के रूप में मिलती है तो टैक्स देना पड़ेगा। हालांकि, उसकी कीमत 50 हजार रुपये से ज्यादा होनी चाहिए।

कृषि से होने वाली आय

आयकर कानून की धारा 10(1) के तहत भारत में मौजूद कृषि भूमि से होने वाली आय पर कोई टैक्स नहीं है। इसमें खेती-बाड़ी के कामों, कृषि उपज की बिक्री, कृषि भूमि से मिलने वाले किराये और खेती से जुड़े कामों से होने वाली आय शामिल है। टैक्स में यह छूट टिकाऊ खेती के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए दी गई है। हालांकि, भारत से बाहर की जमीन से होने वाली कृषि आय पर भारतीयों को टैक्स देना पड़ता है।

जीवन बीमा परिपक्वता से मिली राशि

आयकर कानून की धारा 10(10डी) के तहत जीवन बीमा के परिपक्व होने पर मिलने वाली राशि (बोनस सहित) कर-मुक्त बोती है। हालांकि, सालाना प्रीमियम की रकम सम एश्योर्ड (बीमा राशि) के 10 प्रतिशत (एक अप्रैल 2012 के बाद जारी पालिसी के लिए), 20 प्रतिशत (एक अप्रैल 2012 से पहले जारी पालिसी के लिए) या पांच लाख रुपये से ज्यादा न हो। यह नियम कुछ खास शर्तों के साथ यूलिप, एंडोमेंट पालिसी और पारंपरिक जीवन बीमा पर लागू होता है।

भागीदारी फर्म या एलएलपी से मिला लाभ

यदि किसी व्यक्ति को भागीदारी फर्म या सीमित देयता भागीदारी (एलएपी) फर्म से लाभ राशि मिलती है तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इसका कारण यह है कि इस राशि पर फर्म के स्तर पर पहले ही टैक्स वसूल लिया गया है। हालांकि, किसी भी प्रकार के मानदेय, वेतन, कमीशन, बोनस या ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि पर टैक्स लगेगा।

जागरण इन्फो

मस्क के सपनों की दुनिया के लिए बचत कैसे करें?

अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने हाल ही में एक पाडकास्ट में दुनिया को रिटायरमेंट के लिए बचत बंद करने की सलाह दी। दुनिया के सबसे अमीर शख्स का मानना है कि अगले एक-दो दशकों के लिए पैसा अलग रखने का कोई मतलब नहीं, क्योंकि तब तक यह मायने नहीं रखेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटेलिजेंस और रोबोट लगभग हर चीज को इतना सस्ता और सुलभ बनाने वाले हैं कि बुरे वक्त के लिए बचत करना एक पुरानी, गरीब दुनिया की आदत बन जाएगी।

धीरेंद्र कुमार, संपादक, हिंदी डाट वैल्यूरिसर्चआनलाइन डाट काम

बोनस

मैं एक ऐसा बिजनेस चलाता हूं जो लोगों को बचत और निवेश की सलाह देता है। तो जाहिर है, मुझे किसी ऐसे शख्स से असहमत होने का कोई न कोई कारण मिल ही जाएगा, जो सबको रुकने को कह रहा हो। आप मेरे उत्साह पर थोड़ा संदेह करें, यह बिल्कुल ठीक है। लेकिन मेरी बात सुनिए, क्योंकि मुझे लगता है कि तर्क मेरे पक्ष में है, उनके नहीं।

शुरुआत उस बात से करते हैं जिससे मैं वाकई सहमत हूं। मैं इस बारे में आशावादी हूं कि हम कहां जा रहे हैं। कुछ सौ साल पीछे देखें कि एक सामान्य जिंदगी में सिर्फ जिंदा रहने के लिए कितनी ज्यादा मेहनत करनी होती थी। यह कल्पना करना मुश्किल नहीं कि भविष्य में मशीनें ज्यादातर कठिन काम करेंगी और चीजें बेहद सस्ती हो जाएंगी। तो मस्क के इस सोच से कि हम जहां जा रहे हैं, मुझे इस पर कोई एतराज नहीं। मेरा एतराज इस बात से है कि वे आपको इसके बारे में क्या करने की सलाह देते हैं।

जरा सोचिए कि मशीनों से चलने वाली दुनिया असल में कैसी दिखेगी। अगर रोबोट उनमें से ज्यादातर काम कर सकते हैं, आज जिनके लिए लोगों को पैसे मिलते हैं, तो नौकरी से होने वाली कमाई घटने लगती है। और उस सारी संपन्नता पर जिसका असली हक बनता है, वो है उसे बनाने वाली चीजों का मालिक। रोबोट, फैक्ट्रियां, उनके पीछे की कंपनियां। आप और मेरे जैसे लोगों के लिए इसका मतलब है उन कंपनियों के शेयर, चाहे सीधे लिए हों या म्यूचुअल फंड के जरिये।

और यही वह हिस्सा है जिसे मस्क छोड़ देते हैं। वह संपन्नता बारिश की तरह सब पर बराबर नहीं पड़ती। यह पहले उन लोगों तक पहुंचती है जो उत्पादक पूंजी के मालिक हैं। जो सिर्फ तनख्वाह पर जीता है, उस तक यह आखिर में पहुंचती है। तो उनका भविष्य बचत को बेकार नहीं बनाता। यह मशीन का एक हिस्सा खरीदने को उस सबसे अहम काम में बदल देता है जो आप कर सकते हैं। उस दुनिया में मासिक एसआइपी कोई पुरानी रस्म नहीं है। यही वह तरीका है जिससे एक आम इंसान रोबोट में छोटा-सा हिस्सा खरीदता है।

चलते रहने की एक और वजह है और यह इस पर निर्भर भी नहीं करती कि मस्क सही हैं या नहीं। दो संभावनाएं हैं। अगर वे सही हैं और हम रोबोट-चालित संपन्नता की दुनिया में पहुंच जाते हैं, तो बचाई गई रकम का नुकसान लगभग कुछ नहीं होगा। आज थोड़ा कम खर्च करने के बदले आपके पास एक ऐसा सहारा होगा जिसकी जरूरत शायद कभी न पड़े। लेकिन अगर वे गलत हैं या वह भविष्य देर से आता है, तो जिसने उनकी बात मानकर बचत बंद कर दी, वह मुश्किल में पड़ सकता है। एक गलती मामूली है, दूसरी भारी पड़ सकती है। इसलिए अपनी एसआइपी जारी रखें। मशीनों से चलने वाले समृद्ध भविष्य को रुकने की नहीं, उसमें हिस्सेदारी लेने की वजह समझें।

अमेरिका बना सबसे बड़ा एलपीजी आपूर्तिकर्ता

पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान खाड़ी क्षेत्र पर निर्भरता कम करने के लिए भारत ने कई देशों से किया आयात

नई दिल्ली, प्रेट्र: हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान भारत ने तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आयात में विविधता अपनाई है। इससे अमेरिका, ईरान और कई अन्य देशों से खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, ताकि खाड़ी क्षेत्र पर निर्भरता को कम किया जा सके। भारत अपनी जरूरत की लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है।

क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2026 से भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा एलपीजी आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और कुल आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई पर पहुंच गई है। फरवरी में भारत के एलपीजी आयात में अमेरिका की केवल आठ प्रतिशत थी। इस बदलाव को भारत और अमेरिका के बीच 2025 के अंत में हुए 22 लाख टन सालाना एलपीजी आपूर्ति समझौते का पूरा समर्थन मिला है। भारत के एलपीजी आयात देशों में ईरान की वापसी हुई है और अप्रैल में भारत ने अपनी जरूरत की करीब छह प्रतिशत एलपीजी का आयात ईरान से किया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, चिली, फ्रांस और नीदरलैंड्स जैसे देशों से भी एलपीजी का आयात किया गया। इस विविधता ने संघर्ष के दौरान आपूर्ति सुरक्षा बनाए रखने में मदद की। हालांकि, लंबे आपूर्ति मार्गों के कारण परिवहन लागत ज्यादा रही।

दुनियाभर में बढ़ा एलपीजी का मूल्य

क्रिसिल ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से दुनिया भर में एलपीजी की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई। भारत के आयात के लिए बेंचमार्क 'सऊदी अरामको कांट्रैक्ट प्राइस' फरवरी और जून के बीच 46 प्रतिशत बढ़ गया। इसका कारण सप्लाई से जुड़े जोखिमों और माल ढुलाई की बढ़ी हुई लागत को कीमतों में शामिल करना रहा। हालांकि, इस बढ़ोतरी का कुछ ही हिस्सा घरेलू ग्राहकों पर डाला गया। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत फरवरी और जून के बीच लगभग 10 प्रतिशत बढ़ी, जबकि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 79 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।

- एक तिहाई पर पहुंची भारत के कुल एलपीजी आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी
- भारत को कुकिंग गैस की आपूर्ति करने वाले देशों में ईरान की भी वापसी हुई

कंपनियों को 22 हजार करोड़ के नुकसान का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू कुकिंग गैस की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों के 'अंडर-रिकवरी' (लागत और बिक्री मूल्य के बीच का अंतर) में भारी बढ़ोतरी हुई, क्योंकि खरीद की लागत खुदरा कीमतों से ज्यादा तेजी से बढ़ी। मई में दिल्ली में एलपीजी सिलिंडर पर अंडर-रिकवरी 651 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई, जबकि मार्च-मई के दौरान कंपनियों को कुल 22 हजार करोड़ के नुकसान का अनुमान है।

तनाव कम होने से कीमतें स्थिर होने की उम्मीद

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और मुख्य व्यापारिक यानी होर्मुज स्ट्रेट के फिर से खुलने से आपूर्ति को लेकर तत्काल चिंताएं कम हो गई हैं। इससे वैश्विक स्तर पर एलपीजी की कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद है। हालांकि, इस रुकावट ने आयातित एलपीजी पर भारत की लगातार निर्भरता और एक ही जगह से सप्लाई लेने से जुड़े जोखिमों को उजागर किया। साथ ही विविधता की जरूरत बताई।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

फोनपे वालेट निष्क्रियता शुल्क का बैंक खाते या यूपीआइ पर असर नहीं

नई दिल्ली, प्रेट्र: फोनपे ने शनिवार को वालेट की निष्क्रियता से जुड़े शुल्क से उपभोक्ताओं के बैंक खाते या यूपीआइ लेनदेन पर कोई असर नहीं होगा। हाल ही में कुछ ग्राहकों को फोनपे की ओर से वालेट निष्क्रियता शुल्क संबंधी नोटिफिकेशन भेजे गए हैं। उसके बाद ही कंपनी का यह स्पष्टीकरण आया है।

फोनपे ने कहा कि ये नोटिफिकेशन केवल वालेट पर लागू होते हैं, जो एक प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआइ) है। यह यूपीआइ के माध्यम से किए गए भुगतानों पर लागू नहीं होंगे, जहां फंड सीधे उपयोगकर्ता के बैंक खाते से डेबिट होते हैं।

फोनपे ने कहा कि प्रभावित उपयोगकर्ताओं को वालेट बैलेंस से किसी भी निष्क्रियता शुल्क की कटौती से 15 दिन पहले सूचित किया जाता है, जिससे उन्हें वालेट को फिर से सक्रिय करने, फंड जोड़ने, योग्य बैलेंस निकालने या इसे बंद करने का समय मिलता है।

राष्ट्रीय फलक

बारिश के लिए तरस रहा है अनाज का कटोरा

चालू मानसूनी सीजन के बीस दिन बीत चुके हैं, लेकिन मानसून अभी महाराष्ट्र में रुका है और देश के तमाम हिस्से बारिश की बूंदों के लिए तरस रहे हैं। कई राज्यों में तो अब तक हुई बारिश सामान्य की तुलना में बहुत ही कम हुई है। चिंता की बात यह है कि देश के अनाज का कटोरा कहे जाने वाले राज्य भी इस सूची में शामिल हैं। जाहिर है कि इससे धान की रोपाई पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।



देश में राज्यवार वर्षा की स्थिति 1 जून से 20 जून तक का आंकड़ा

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश	वास्तविक वर्षा (मिमी)	सामान्य वर्षा (मिमी)	कमी
जम्मू-कश्मीर	36.88	43.22	- 11%
हिमाचल प्रदेश	51.04	57.03	- 10%
पंजाब	21.3	28.2	- 24%
उत्तराखंड	61.9	96.2	- 36%
हरियाणा	32.1	29.1	+10%
दिल्ली	26.7	33.5	- 20%
उत्तर प्रदेश	27.6	42.3	- 35%
राजस्थान	37.8	25.1	+50%
बिहार	48.1	81.5	- 41%
सिक्किम	278.6	279.9	0%
अरुणाचल प्रदेश	137.2	267.4	- 49%
असम	161.1	266.4	- 40%
नागालैंड	80.4	163.4	- 51%
मेघालय	60.2	452.8	- 87%
मणिपुर	54.6	191.9	- 72%

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश	वास्तविक वर्षा (मिमी)	सामान्य वर्षा (मिमी)	कमी
त्रिपुरा	197.0	293.55	- 33%
मिजोरम	185.8	274.3	- 32%
पश्चिम बंगाल	164.8	172.9	- 5%
झारखंड	29.8	92.5	- 68%
छत्तीसगढ़	31.5	83.3	- 64%
मध्य प्रदेश	31.2	58.0	- 46%
गुजरात	14.4	50.0	- 71%
महाराष्ट्र	22.4	119.2	- 81%
ओडिशा	63.9	164.9	- 44%
तेलंगाना	46.6	80.9	- 42%
गोवा	156.6	572.8	- 73%
कर्नाटक	79.6	127.1	- 37%
आंध्र प्रदेश	62.6	61.8	+1%
तमिलनाडु	26.2	35.6	- 26%
केरलम	315.7	417.3	- 24%

खान सर की गिरफ्तारी पर अब 25 जून तक रोक

जासं, पटना: जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक फैजल खान उर्फ खान सर तथा उनके तीन सहयोगियों की गिरफ्तारी पर 25 जून तक रोक लगा दी। अदालत ने सभी आरोपितों को जांच में सहयोग करने और पुलिस के बुलावे पर उपस्थित रहने का निर्देश भी दिया है। सभी हत्या के प्रयास एवं आग्नेयास्त्रों के अवैध इस्तेमाल के मामले में आरोपित हैं। ज्ञात हो, इससे पूर्व नौ जून को अदालत ने गिरफ्तारी पर 20 जून तक रोक लगाते हुए पुलिस से केस डायरी और आरोपितों के आपराधिक इतिहास से संबंधित रिपोर्ट मांगी थी। पुलिस ने अदालत में केस डायरी जमा कर दी, जिसके बाद शनिवार को मामले पर विस्तृत सुनवाई हुई। वहीं, जेल में बंद फैजल खान के दो सुरक्षा गार्ड प्रदीप कुमार व तलेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 25 जून तय की है। खान सर से जुड़े खान हेल्थ केयर अस्पताल की दूसरे फायर सेफ्टी आडिट में भी गंभीर खामियां मिलीं। इस पर अग्निशमन विभाग ने अंतिम नोटिस जारी किया है। विभाग के अनुसार,अस्पताल में आपातकालीन निकास के लिए दूसरी सीढ़ी नहीं है। कई सुरक्षा उपकरण भी मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

मनाली में उमड़े पर्यटक, पांच किमी लंबे जाम से छूटा पसीना

जागरण संवाददाता, मनाली

गर्मी से राहत पाने को पर्यटक हिमाचल का रुख कर रहे हैं। मनाली के अधिकतर होटल फुल हैं। यहां पर्यटकों को क्षतिग्रस्त सड़कों व ओवरटेकिंग के कारण घंटों जाम से जूझना पड़ रहा है। सप्ताहांत पर सुबह-शाम पांच किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। शनिवार सुबह नेहरूकुंड से मनाली तक पांच किमी लंबी वाहनों की लाइन लग गई। रोहतांग मार्ग पर काफी देर तक पर्यटक वाहन फंसे रहे।

दरअसल, सुबह पर्यटकों में स्नो प्वाइंट्स में जल्द पहुंचने की होड़ लगी रही और शाम को होटलों के कमरे में जल्द पहुंचने के लिए। मनाली में रांगडी, अलेऊ, ओल्ड मनाली, हिडिंबा मंदिर, वशिष्ठ व नेहरूकुंड के रास्तों के बीच जाम की समस्या अधिक रह रही है। गत वर्ष रांगड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जो ठीक नहीं हुआ है। रांगड़ी से लग्जरी बस स्टैंड के बीच दो जगह सड़क क्षतिग्रस्त है। वामतट मार्ग की हालत खस्ता होने से मनाली पुल व अलेऊ की ओर जाम लग रहा है। बड़े ब्यास पुल से बेली ब्रिज के पास भी जाम लग रहा है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने पर्यटकों से नियमों का पालन करने का आह्वान किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

वहीं, उत्तराखंड में पहाड़ों की रानी मसूरी और नैनीताल इन दिनों पर्यटकों से गुलजार तो हैं, लेकिन यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

मनाली के पर्यटन स्थल रोहतांग मार्ग पर मढ़ी के समीप ओवरटेक कर तीन तीन लाइन लगाने से लगा ट्रैफिक जाम। सौजन्य पाठक

साप्ताहिक राशिफल

रविवार, 21 जून, 2026 से शनिवार 27 जून, 2026 तक

पं. बी. बी. शास्त्री 'देवेश'

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)
परिश्रम से सफलता, अर्थसाधन में प्रयास, निर्णय सलाह से करें, विदेश कार्य में सफलता, पारिवारिकजनों का सहयोग, अतिकल्पना और विश्वास से बचें, भूमि, भवन कार्य में देरी, चयन में देरी, वाद विवाद से बचें, प्रणय में अनबन, धर्म में रुचि, आय में सुधार, शुभ अंक 4

वृष (इ, ऊ, ए, ओ, पा, वी, वू, वे, वो)
कार्य में सहयोग से सफलता, धनागम में सुधार, पूंजी निवेश में सावधानी, कार्य शैली में परिवर्तन, महिला से सहयोग, वाहन, आभूषण योग, चयन में सफलता, शिक्षा में एकाग्रता, शत्रुपक्ष परास्त, खानपान पर ध्यान दें, समय का सदुपयोग करें, दाम्पत्य में सुख, व्यय अधिक, शुभ अंक 5

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)
दिनचर्या व्यस्ततम्, अर्थसाधन में प्रयास, कार्य में सफलता, धन के आवागमन में सावधानी, विदेश कार्य में सफलता, पारिवारिक चिन्ता का समाधान, साधनों की पूर्ति, अध्ययन में रुचि, समय में यश, ससुराल से सहयोग, वाहन में सावधानी, राज्यपक्ष से सावधान, शुभ अंक 6

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
नये व्यापार से बचें, धनागम में सफलता, साझेदारी में सावधानी, मन अशांत, चिन्ता का समाधान, अतिविश्वास से बचें, विदेश कार्य में सफलता, भूमि, भवन कार्य में देरी, रक्त, वायु विकार प्रभावी, ससुराल से सहयोग, राजनैतिक अपयश, आय में सुधार, शुभ अंक 7

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)
कार्य में प्रगति, अर्थसाधन में प्रयास, पूंजी निवेश में सावधानी, सामाजक यश, लक्ष्य के प्रति सचेत रहें, रचनात्मक कार्य योग, भूमि, भवन कार्य में देरी, प्रणय में सुख रक्त विकार व वायु विकार प्रभावी, राजनैतिक अपयश, व्यय अधिक, शुभ अंक 8

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
कार्य में युक्ति और प्रयास से सफलता, धनागम में देरी, पारिवारिक जीवन में मतभेद, साझेदारी में सावधानी, निजी संबंधों में सुधार, सामाजिक कार्य में यश, भवन साज सज्जा का योग, शिक्षा में एकाग्रता, चयन में देरी, शत्रुपक्ष परास्त, दाम्पत्य में सुख, व्यय अधिक, शुभ अंक 9

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
धनागम में सफलता, कार्य शैली में सुधार से सफलता, साहस में वृद्धि, विदेश से समाचार, निजी मतभेद, साहस की वृद्धि, महिला से सहयोग, वाहन, आभूषण साज सज्जा का योग, सन्तान से अनबन, खानपान पर ध्यान दें, राज्यपक्ष से सावधान, व्यय पर नियन्त्रण, शुभ अंक 1

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)
अर्थ साधन में सुधार, कार्य में सहयोग से सफलता, प्रतिस्पर्धा से चिन्ता, कार्य क्षेत्र में विस्तार से बचें, विदेश स समाचार, लक्ष्य के प्रति सजगता, वाहन, आभूषण योग, शिक्षा में एकाग्रता, त्वचा विकार, रक्त विकार प्रभावी, प्रणय में अनबन, व्यय में सुधार, शुभ अंक 2

धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
पूंजी निवेश में सावधान, धनार्जन में प्रयास, कार्य में अवरोध, विदेश कार्य में सफलता, पारिवारिक चिन्ता, निजी मतभेद, साधनों की पूर्ति, सन्तान से सहयोग, शिक्षा में रुचि, मित्रों से सहयोग, क्रोध, ईर्ष्या से बचें, दाम्पत्य में सुख, वाहन में सावधानी, व्यय अधिक, शुभ अंक 4

मकर (भो, जा, ज, खी, खू, खे, खो, गा, गी)
शिक्षा में रुचि, कार्य क्षेत्र में प्रयास से सफलता, निर्णय सलाह से करें, कार्य क्षेत्र में प्रयास से सफलता, साझेदारी में सावधानी, अतिविश्वास से बचें, पारिवारिक सहयोग, चयन में सफलता, खानपान पर ध्यान दें, दाम्पत्य में सुख, अधिकारी से सहयोग, शुभ अंक 5

कुम्भ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सा, दा)
अर्थ साधन में प्रयास, कार्य में सहयोग से सफलता, नये कार्य के विस्तार से बचें, विदेश कार्य में सफलता, निजी मतभेद, संबंधों में सुधार, वाहन, आभूषण योग, शिक्षा में एकाग्रता, मित्रों से सहयोग, दाम्पत्य में सुख, भ्रमण, मनोरंजन योग, व्यय अधिक, शुभ अंक 6

मीन (दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची)
कार्य करने वालों से सावधान, धनागम में देरी, पूंजी निवेश में सावधानी, साहस की वृद्धि, अतिविश्वास से बचें, महिला से सहयोग, साधनों की पूर्ति, शिक्षा में अवरोध, भूमि, भवन कार्य में सफलता, वाद-विवाद से बचें, जीवनसाथी का मिलन, वाहन में सावधानी, व्यय में सुधार, शुभ अंक 7

हूइज प्लेटफार्म पर किसी भी पोर्टल की हो सकेगी सटीक जांच

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज आफ इंडिया (एनआइएक्सआइ) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित हूइज नामक प्लेटफार्म लांच किया है। इस प्लेटफार्म पर किसी भी पोर्टल या लिंक की सत्यता की जांच की जा सकेगी। हूइज के जरिये पता चल जाएगा कि पोर्टल कब और किसके नाम पंजीकृत हुआ है और वह कितने दिनों के लिए पंजीकृत किया गया है।

नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज आफ इंडिया ने लांच किए चार नए डिजिटल प्लेटफार्म

डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ने से लोगों के साथ डिजिटल फ्राड भी होने लगे हैं। इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्रालय के मुताबिक हूइज प्लेटफार्म डोमेन नामों की सुरक्षा बढ़ाने और संदिग्ध वेबसाइटों की पहचान में सहायक होगा, जिससे भारत के डाटइन डोमेन स्पेस की सुरक्षा अधिक सशक्त होगी। एनआइएक्सआइ ने शुक्रवार देर शाम आइएक्स पोर्टल, मायआइआरआइएनएन पोर्टल व इन आक्शन पोर्टल भी लांच किए। इनका उद्देश्य परिचालन दक्षता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा इंटरनेट इकोसिस्टम में निगरानी और सत्यापन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना है। इस मौके पर इलेक्ट्रानिक व आईटी सचिव तथा एनआइएक्सआइ के अध्यक्ष एस. कृष्णन ने कहा, इंटरनेट इकोसिस्टम में विश्वास, लचीलापन व सुरक्षा सुनिश्चित करना अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है। हमें ऐसे इंटरनेट के निर्माण की दिशा में कार्य करते रहना चाहिए जो सभी के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय व सुलभ हो।

दल-बदल का यह दौर पुराना है

यह हमारी राजनीति का कुसूर है या सत्ता का चरित्र कि वह अच्छे भलों को भी भटका देती है? इससे निपटने का अकेला तरीका है कि हमारे मतदाता जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और आर्थिक प्रलोभनों से परे रहकर वोट करें, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा। जब तक हम खुद ऐसा नहीं करेंगे, तब तक हमें शिकायत करने का हक भी नहीं है।

आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

शशि शेखर

आजकल

पिछला सप्ताहांत उद्धव ठाकरे के लिए तकलीफदेह साबित हुआ। उनकी पार्टी के नौ में से छह सांसदों ने अलग रहगुजर अपनाने का निर्णय कर लिया। चर्चा है कि अब अगला नंबर समाजवादी पार्टी का है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसका पुरजोर खंडन किया है, लेकिन 'टूट' से दो दिन पहले तक उद्धव ठाकरे भी तो ऐसा ही कह रहे थे।

हो सकता है, अखिलेश यादव अपनी पार्टी बचा ले जाएं, लेकिन यह सवाल कायम रहेगा कि गई अप्रैल में आम आदमी पार्टी के संसदीय दल में बिखराव से शुरू हुआ यह सिलसिला कहां रुकेगा? क्या यह किसी बड़ी कार्ययोजना का हिस्सा है?

सियासी पंडितों का मानना है कि केंद्र सरकार तत्काल से पेश्तर परिसीमन और एक देश, एक चुनाव बिल संसद से पारित कराना चाहती है। यह टूट-फूट उसी रणनीति का हिस्सा है। हो सकता है, यहां आपके मन में प्रश्न उठे कि अगर ऐसा भाजपा की प्रेरणा से हो रहा है, तो वह इन बगावतियों को अपने दल में जगह क्यों नहीं दे रही? असम व बंगाल विजय के बाद पार्टी को शायद ऐसा लगने लगा है कि अगर और आगे बढ़ना है, तो अपनी वैचारिक शुद्धता को कायम रखना होगा। मोदी का मजबूत नेतृत्व, कसा संगठन और राष्ट्रवादी सोच अब तक भाजपा के लिए वोट कमाऊ साबित हुए हैं।

यहां आप पूछ सकते हैं कि फिर आम आदमी पार्टी से टूटे सांसदों को भाजपा में जगह क्यों दी गई? बड़ी संख्या में दूसरे दलों से टूटकर आए सांसदों को अगर अगले चुनाव में पार्टी का टिकट दिया जाएगा, तो पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की हकमारी संभव है। इसके अलावा भगवा दल पर यह आरोप भी लगता रहा है कि वह ऐसी 'वाशिंग मशीन' है, जिसमें समाकर विपक्षियों के कारनामे धुल जाते हैं।

इस तरीके से काम भी निकल जाएगा और अंदरूनी असंतोष के साथ अन्य आरोपों से भी बचा जा सकेगा। इसी को कहते हैं- आम के आम, गुठलियों के दाम।

अगर आप राज्यसभा चुनावों में हुई क्रॉस वोटिंग और पार्टियों में आए दिन हो रही इस टूट से हैरान हैं, तो कृपया संयम धारण कीजिए। भारतीय राजनीति में 1960 के दशक से शुरू हुआ यह सिलसिला अब परंपरा बन चुका है।

अपनी बात समझाने के लिए मैं आपको 1967 में वापस ले जाना चाहता हूं। नवगठित हरियाणा में पहला विधानसभा चुनाव हुआ था। कांग्रेस ने सरकार बना ली थी, पर पार्टी एकजुट नहीं रह सकी थी। उस दौरान हसनपुर के विधायक गया लाल ने महज 15 दिनों के भीतर तीन बार पाला बदल सबको सकते में डाल दिया था। अंततः वह जब कांग्रेस छोड़कर संयुक्त विधायक दल में लौटे, तो राव बीरेंद्र सिंह ने उन्हें पत्रकारों के समक्ष पेश करते हुए चुटकी ली- गया राम, अब आया राम हैं।

उसी दिन से भारतीय राजनीति में 'आया राम-गया राम' का मुहावरा उभरा। ऐसा मुहावरा, जो चलन बनने जा रहा था।

आंकड़े गवाह हैं कि साल 1967-71 के बीच महज पांच सालों में लोकसभा और विभिन्न विधानमंडलों के सदस्यों ने 1,900 से अधिक बार दल-बदल किया। इसके चलते 32 प्रांतीय सरकारें धराशायी हुईं और बदले में 212 माननीयों को मंत्री पद से नवाजा गया। देश की आजादी तब तक अपनी रजत जयंती तक नहीं पहुंची थी, पर शैशवावस्था से गुजर रहा भारतीय लोकतंत्र वंचनाओं के दुर्ग में कैद होता जा रहा था।

सन् 1967 तक दिल्ली के साथ-साथ प्रायः सभी प्रादेशिक राजधानियों में कांग्रेस का परचम लहराता था। उस साल नौ राज्यों में उसका बोरिया-बिस्तर बंध गया। इंदिरा गांधी उस समय दिल्ली के सत्ता-सदन में नई थीं। उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। मोरारजी देसाई, एस निजलिंगप्पा, नीलम संजीव रेड्डी जैसे तमाम वरिष्ठ नेता पार्टी और सरकार के अंदरूनी मंचों पर उनकी मुखालफत करते थे और उनकी तुलना हरदम उनके यशस्वी पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू से होती थी।

किसी उभरते राजनेता के लिए यह खतरनाक था।

इससे निपटने के लिए इंदिरा गांधी ने साम, दाम, दंड, भेद से सरकारें गिराने और कठपुतली मुख्यमंत्री बैठाने का चलन शुरू किया। यदि दल-बदल कारगर साबित होता न दिखता, तो राज्यपालों द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर चुनी हुई सरकार बर्खास्त कर दी जाती। अखबार इसके विरोध में अग्रलेख लिख रहे थे, लेकिन जनभावनाओं को अनदेखा करने की आदत सत्ता-सदनों में अपना स्थायी आवास बनाती जा रही थी।

इस निरंकुश रवैये का बेशर्म प्रदर्शन आपातकाल में दिखाई दिया। नतीजतन, वह अगला चुनाव हार गईं।

वह कुछ दिनों के लिए भले ही विदा हो गई हों, पर उनका रोपा पौधा बरगद बन चला था। सन् 1977 में सत्ता सम्हालने के तुरंत बाद मोरारजी देसाई ने नौ राज्यों की कांग्रेस सरकारों को बर्खास्त कर दिया। देसाई और उनके गृह मंत्री चौधरी चरण सिंह का तर्क था कि आम चुनाव में कांग्रेस की हार से साबित हो गया है कि इस दल पर से मतदाताओं का विश्वास डिग गया है। ऐसी स्थिति में इन प्रांतीय सरकारों को सत्ता में बने रहने का कोई 'नैतिक आधार' नहीं है। अगर एक क्षण को उनकी इस कारवाई को नैतिकता की उपज मान भी लिया जाए, तो उन्होंने 15 प्रदेशों के राज्यपालों को हटने के लिए क्यों विवश किया?

मोरारजी देसाई की मनमानी जनभावना के निरादर का एक और सार्वजनिक प्रकटीकरण थी।

राजनीति की इस पतन-परंपरा का अगला मुकाम 1991 में आया। राजीव गांधी की हत्या से उपजे शून्य का लाभ उठाकर राजनीतिक वार्धक्य की ओर बढ़ चले पीवी नरसिंह राव नई दिल्ली के तख्त पर जा विराजे थे। उनके पास बहुमत नहीं था और जोड़-तोड़ एक अकेला चारा था। बुढ़ापे में हासिल हुआ सत्ता-सुख भला कौन छोड़ना चाहेगा? यही वजह है कि वह हर हद से गुजर गए। 26 जुलाई, 1993 को जब उनकी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव आया, तो उन्हें सरकार बचाने के लिए 15 मतों की जरूरत थी। जब वोटिंग हुई, तो वह खासे अंतर से जीते, कैसे?

कहा गया कि बिहार के कुछ सांसदों को 3.5 करोड़ रुपये की नकदी से ठसाठस सूटकेस सौंपे गए हैं। बाद में सीबीआई ने पाया कि अविश्वास प्रस्ताव के अगले दिन कुछ माननीयों के बैंक खाते में बड़ी मात्रा में नकदी जमा हुई थी। आगे चलकर इन सभी सांसदों और नरसिंह राव को अदालत के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ा। बाद में राव और उनके करीबी बूटा सिंह को नई दिल्ली की एक निचली अदालत ने तीन बरस की सजा सुनाई, लेकिन वे उच्च न्यायालय से बरी हो गए। राव पर लखुभाई पाठक नामक एक कारोबारी ने प्रधानमंत्री आवास में एक करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप भी लगाया था।

इससे पूर्व कोई प्रधानमंत्री ऐसे आपराधिक आरोपों में रुसवा नहीं हुआ था।

तब से अब तक हमारी राजनीति और राजनेताओं ने गिरावट के तमाम आयाम प्रस्तुत किए हैं। यह हमारी राजनीति का कुसूर है या सत्ता का चरित्र कि वह अच्छे भलों को भी भटका देती है? इससे निपटने का अकेला तरीका है कि हमारे मतदाता जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और आर्थिक प्रलोभनों से परे रहकर वोट करें, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा।

जब तक हम खुद ऐसा नहीं करेंगे, तब तक हमें शिकायत करने का हक भी नहीं है।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

जीना इसी का नाम है

सुरेंद्रन कोचुवेलू उर्फ इंद्रन्स
अभिनेता

एक दर्जी मलयालम सिनेमा में मिसाल गढ़ गया

अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता सुरेंद्रन कोचुवेलू ने 68 साल की उम्र में फिर से स्कूल का रुख करके सबको चौंका दिया। वह सातवीं कक्षा की परीक्षा देने गए थे। अब पढ़ाई और डिग्री के लिए उम्र की कुंठा क्यों पाली जाए?

भाग्यवादियों का दावा है कि हमारी जिंदगी में कब, क्या होना है, यह सब नियति ने तय कर रखा है। कर्मवादियों को यह तर्क मंजूर नहीं। वे हाथ की लकीरों से नहीं, हथेलियों के परिश्रम से अपनी तकदीर बनाने के कायल हैं। केरल के सुरेंद्रन कोचुवेलू उर्फ इंद्रन्स का जिंदगीनामा इसका एक जीता-जागता उदाहरण है। अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके मलयालम अभिनेता सुरेंद्रन ने 68 साल की उम्र में फिर से स्कूल का रुख करके सबको चौंका दिया। अब पढ़ाई और डिग्री के लिए उम्र की कुंठा क्यों पाली जाए?

मार्च 1956 में तिरुवनंतपुरम के एक गरीब परिवार में जन्मे सुरेंद्रन ने जब स्कूली पढ़ाई शुरू की, तो पहली जमात से ही वह टॉप करने लगे थे। शिक्षक उन्हें पहली कतार में बिठाते, ताकि होनहार सुरेंद्रन खुद को किसी से कमतर न समझें, मगर स्कूल के बाहर की दुनिया इतनी संवेदनशील नहीं थी। तरह-तरह की कसौटियों पर कसने की आदी दुनिया इस किशोर को कैसे बख्श देती? शाबाशी के बजाय नसीहतें ही ज्यादा मिलतीं। सुरेंद्रन सात भाई-बहन थे। इतने बड़े कुनबे का पेट पालना ही उनके पिता पलविला कोचुवेलू के लिए चुनौतियों भरा काम था, कॉपी-किताबों की फिक्र भला वह क्या ही करते? आखिरकार चौथी जमात के बाद सुरेंद्रन का स्कूल छूट गया, क्योंकि परिवार उनके लिए किताबें और ड्रेस न खरीद सका। स्कूल ने पोशाक को अनिवार्य बना दिया था। आगे न पढ़ पाने की कसक उनके मन में दबी रह गई।

परिवार ने उस कच्ची उम्र में ही उन्हें कमाने लायक मान लिया था। चार भाई-बहन उनसे छोटे जो थे। चाचा की दर्जी की दुकान थी, वहीं से सुरेंद्रन की शुरुआत हुई। दक्षता भी अगर स्कूल-कॉलेजों तक सीमित रही होती, तो इस दुनिया में काफी कुछ ईजाद न हुआ होता और शायद हमारी सभ्यता भी इतनी खूबसूरत न बन पाती। कपड़ों की कटाई, सिलाई, कशीदाकारी और तुरपाई के सबक आधुनिक फैशन संस्थानों में भले पढ़ाए जाने लगे हों, मगर अलग-अलग समाज में सदियों से उस्ताद अपनी दुकानों पर ही एक से बढ़कर एक शागिर्द तराशा करते थे। चाचा ने सुरेंद्रन को जो-जो सिखाया, उसे एक काबिल शागिर्द की तरह वह सीखते गए, बल्कि अपने तईं नए-नए प्रयोग भी करते रहे।

इसी प्रयोगधर्मिता की बदौलत सुरेंद्रन ड्रेस बनाने की कला में पारंगत हो गए। इस बीच वह अपनी एक छोटी-सी दुकान शुरू कर चुके थे- इंद्रन्स ब्रदर्स टेलर्स। फिल्म-निर्माण में कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग की एक बेहद प्रभावी भूमिका होती है। टेलरिंग में महारत ने जल्द ही मलयालम फिल्म उद्योग से उनका नाता जोड़ दिया। सुरेंद्रन एक जिंदादिल इंसान हैं। परदे के पीछे की दुनिया में अपने शिष्ट आचरण, कहकहों और हाजिर-जवाबी से उन्होंने बहुत सारे लोगों को अपना मुरीद

बना लिया था। फिर क्या था, निर्माता-निर्देशक सुरेंद्रन को अपनी फिल्मों में छोटी-छोटी भूमिकाएं देने लगे।

साल 1981 में *चूथाट्टम* से बतौर कॉस्ट्यूम डिजाइनर व साइड एक्टर सुरेंद्रन के फिल्मी सफर का आगाज हुआ और देखते-देखते कुछ ही वर्षों में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लिए सुरेंद्रन का नाम अज्ञात नहीं रहा। हां! आम दर्शक तब भी नहीं जानते थे कि हीरो-हीरोइनों व दूसरे पात्रों के लिए इतनी सुंदर-सुंदर पोशाकें कौन तैयार करता है?

अभिनय के हवाले से भी शुरुआत में दर्शकों ने उनकी ओर बहुत ध्यान नहीं दिया, लेकिन 1994 में आई कॉमेडी फिल्म *सीआईडी उन्नीकृष्णन बीए, बीएड* ने उन्हें केरल के घर-घर में पहचान दिला दी। उसके बाद तो सुरेंद्रन ने कई हास्य भूमिकाएं कीं और खूब सराहे भी गए। भीतर का कलाकार उन्हें अलग-अलग किरदार निभाने के लिए ललकारता रहा और उनकी कलात्मक समझ व संवेदनशीलता को देखते हुए नए निर्देशकों ने उन्हें ऐसी भूमिकाएं भी दीं।

साल 2021 में निर्देशक रोजिन थॉमस की फिल्म *होम* में सुरेंद्रन ने एक ऐसे पिता की मार्मिक भूमिका निभाई, जो अपने बेटों से बहुत प्रेम करता है, मगर टेक्नोलॉजी के ज्ञान में पिछड़े होने के कारण उनसे दूरी महसूस करने लगता है। दोनों बेटे सोशल मीडिया और स्मार्टफोन में इतने डूबे रहते हैं कि पिता का निःस्वार्थ प्रेम उन्हें दिखाई नहीं पड़ता, बल्कि वे पिता को पिछड़ा और असामान्य समझ बैठते हैं। पिता उस तकनीक को सीखने की बहुत कोशिश करता है, मगर नाकाम रहता है। दो पीढ़ियों की सोच के फासले को रेखांकित करती इस फिल्म में स्नेहिल पिता की यादगार भूमिका के लिए सुरेंद्रन को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके पहले भी वह अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए राज्य स्तर के कई पुरस्कार जीत चुके हैं।

सुरेंद्रन ने कॉमेडी के अलावा खलनायक और गंभीर चरित्र भूमिकाओं में इतनी सधी हुई अदाकारी की है कि उन्हें मलयालम सिनेमा के सबसे 'वर्सेटाइल एक्टर' में शुमार किया जाता है। उनके पास इनाम-इकराम सब कुछ आया, पर दसवीं तक भी न पढ़ पाने की टीस लगातार बनी रही। इसलिए सबको चौंकाने वाला काम उन्होंने अगस्त 2024 में किया। अधूरी रह गई स्कूली शिक्षा पूरी करने के लिए वह सातवीं कक्षा की परीक्षा देने स्कूल पहुंच गए। केरल के नियम के मुताबिक, वह सीधे दसवीं की परीक्षा में नहीं बैठ सकते थे। वहां दसवीं की परीक्षा में वही बैठ सकता है, जिसने सातवीं या उसकी समकक्ष परीक्षा पास की हो। बकौल सुरेंद्रन, कोई भी कामयाबी शिक्षा की कमी पूरी नहीं कर सकती, इसलिए सबको पढ़ना चाहिए।

सुरेंद्रन सात भाई-बहन थे। इतने बड़े कुनबे का पेट पालना ही उनके पिता पलविला कोचुवेलू के लिए चुनौतियों भरा काम था, कॉपी-किताबों की फिक्र भला वह क्या करते? आखिरकार चौथी जमात के बाद सुरेंद्रन का स्कूल छूट गया, क्योंकि परिवार उनके लिए किताबें और ड्रेस न खरीद सका।

इस दुनिया में ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने उम्र के आखिरी हिस्से में अपनी बाकी रह गई पुरानी साध पूरी की। क्या जेन-जी को ऐसे किरदारों से सबक नहीं लेना चाहिए? किसी एक अड़चन या बाधा से हताश होने की जरूरत नहीं है। जीवन मौके देता है। सुरेंद्रन कोचुवेलू की जिंदगी 'जीना इसी का नाम है' की एक मुकम्मल कहानी है।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

वो लम्हा

विष्णु प्रभाकर
साहित्यकार

मां, इन किताबों को कौन लिखता है?

पिता को मामूली बहीखाता पढ़ने के अलावा कुछ आता नहीं था, जबकि मां हिंदी भी जानती थीं और उर्दू भी। पिता को जब यह मालूम चला, तब उन्होंने सात दिन में हिंदी सीखकर ही दम लिया। अब नतीजा यह कि घर के साथ दुकान पर किताबें रहने लगीं। उन्हें देखते, छूते बच्चे बड़े होने लगे।

हर तरफ किताबें थीं। सिरहाने देखो, तो किताबें, बगल में टेबल पर और सामने बॉक्स में। नजरें जिधर जाती थीं, किताबों पर ही ठहरती थीं और किताबों की मालकिन थीं मां। उन्हें पढ़ने का बहुत शौक था। घर के बच्चे अक्सर यह कथा सुनते थे कि मां जब शादी करके इस घर में आई थीं, तब अपने साथ मिठाई, फल, सामान के साथ ही किताबों का बक्सा भी लाई थीं।

पिता तो तब भी बड़े कर्मकांडी थे। सुबह 3 बजे से 10 बजे तक पूजा-पाठ में बिताते और उसके बाद दुकान संभालने निकल जाते थे। मामूली बहीखाता पढ़ने के अलावा उन्हें कुछ आता नहीं था, जबकि मां हिंदी भी जानती थीं और उर्दू भी। पिता को जब यह मालूम चला, तब उन्होंने सात दिन में हिंदी सीखकर ही दम लिया। अब नतीजा यह कि घर के साथ दुकान पर किताबें रहने लगीं। उन्हें देखते, छूते और खेलते हुए बच्चे बड़े होने लगे।

लोग भी कहते थे कि यह हिसार वाली जब से आई है, तब से मीरापुर, मुजफ्फरनगर के इस परिवार का हुलिया ही बदल गया है। वह पढ़ाकू मां न लड़कियों के पढ़ने पर पाबंदी के पक्ष में थीं और न पर्दा प्रथा के। मां महादेवी मायके में भी पहली पढ़ी-लिखी महिला थीं और ससुराल में भी पहली। उनके मझले बेटे को किताबों से कुछ ज्यादा ही लगाव था। उसके मन में किताबों को लेकर तरह-तरह के सवाल उमड़ते थे कि पता नहीं, कहां से किताबें आती हैं? बिल्कुल किसी जादू की तरह, सुंदर, कभी श्वेत-श्याम, तो कभी-कभी रंग-बिरंगी। हजारों शब्दों को समेटे हुए। अनगिन कहानियों, कविताओं और ज्ञान की बातों को संजोए हुए। किताबें जैसे ही खुलती हैं, पृष्ठ-दर-पृष्ठ शब्द सामने आने लगते हैं। एक दिन इसी मझले बेटे ने अपना सबसे मुश्किल सवाल मां से पूछ लिया, 'मां, किताबें कौन लिखता है?'

मां ने प्रेम से बताया, 'लेखक किताबों की रचना करते हैं।'

तब बेटे ने दूसरा प्रश्न किया, 'ये लेखक, कौन लोग होते हैं, जो इतनी बड़ी-अच्छी किताबें लिखते हैं?' मां ने जान लिया कि पुस्तक लेखन को लेकर बेटे के मन में भय है, तो उन्होंने और प्यार से समझाया, 'किताब लिखने वाले लेखक किसी और दुनिया से नहीं आते हैं। हम जैसे साधारण मनुष्य ही किताबों की रचना करते हैं।' यह सुनकर बेटे को बहुत खुशी हुई, तो फिर उसने अगला सवाल पूछा, 'क्या मैं भी किताब लिख सकता हूं?' मां ने पुत्र के विश्वास को अपनी ममता से बढ़ाया, 'हां, क्यों नहीं, तुम भी चाहो, तो किताब लिख सकते हो।'

बेटे के भय या संशय को दूर कर मां फिर काम में लग गईं, पर इस उत्तर ने बेटे में नए मनोबल के बीज बो दिए। वह कल्पना करने लगा कि वह भी किताब लिख सकता है। उसकी लिखी किताबों को घर-घर में सम्मान मिल सकता है। दिल में यह इरादा मजबूती से बैठ गया कि किसी दिन मैं भी जरूर लिखूंगा।

खैर, गांव के स्कूल में पढ़ाई चलती रही और मां के साथ नई-नई किताबें पढ़ने का क्रम भी बना रहा। फिर जीवन और परिवार की स्थितियों में उतार आया। एक निर्णायक मोड़ यह आया कि मां ने आगे की पढ़ाई के लिए अपने इस 11 वर्षीय बेटे को आर्यसमाजी मामा के पास हिसार भेज दिया। जन्मस्थान से दूरी और मां के अभाव ने उस बच्चे को भावुक और अंतर्मुखी बना दिया। वह शांत रहने लगा, उसने इच्छाओं को समेटना सीख लिया। परिवार लगातार संकट से गुजर रहा था। किसी तरह से वहां मैट्रिक पास होते ही बहुत मामूली वेतन पर सरकारी गौशाला में नौकरी करनी पड़ी, ताकि रोजी-रोटी का प्रबंध हो सके।

वैसे, वह वहां अधिकारी भले ही चतुर्थ श्रेणी के थे, पर प्रथम श्रेणी का लेखक बनने की उनकी तैयारी तेजी से चल रही थी। हालांकि, तब भी निराशा ने साथ नहीं छोड़ा, वह अपने डायरी के पन्नों पर अक्सर लिखा करते थे - मर जाना बेहतर है। फिर भी न पढ़ाई छूटी और न किताबों से दोस्ती टूटी। मां से अलग हुए, तो किताबों ने ही उन्हें बार-बार बचाया और आगे बढ़ाया।

नौकरी लगने के अगले साल *मिलाप* पत्रिका में पहली कहानी छपी *दिवाली की रात*। इस कहानी में भी अनायास एक गरीब परिवार की लाचारी थी और तमाम अभावों से गुजरती एक मां भी थीं। लेखन की शुरुआत हुई, तो वह निरंतर अच्छा लिखते चले गए। एक दिन आया, जब उन्हें लेखक-नाटककार विष्णु प्रभाकर के रूप में बहुत ख्याति मिली और ऑल इंडिया रेडियो में सम्मानजनक नौकरी भी हासिल हुई, सारे अभाव दूर हुए।

21 जून को जन्मे विष्णु प्रभाकर (1912-2009) ने पचास से भी ज्यादा बेहतरीन किताबों की रचना की और उनकी किताब *आवारा मसीहा* भारत की श्रेष्ठतम रचनाओं में शुमार है। वह हमेशा कहते थे कि मेरी मां ने केवल लेखन की प्रेरणा ही नहीं दी, मुझे संघर्षों के बीच जीवन का पहला पाठ भी पढ़ाया।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

हिंदी साहित्य की कबीला युग में वापसी

तिरछी नजर

सुधीश पचौरी हिंदी साहित्यकार

मैं जा रहा था, वह नहीं। मैं अ-निमंत्रित था, वह निमंत्रित थे और वक्ता भी। वाट्सएप पर जो पोस्टर आया था, उसमें वह स्वनामधन्य वक्ताओं के साथ फ्रेम में 'फिक्स्ड' थे और मुस्कराए जा रहे थे। मेरे पूछने पर कि आप पहुंच रहे हैं न? वह बोले, नहीं जा रहे हैं। मेरे अंदर मन डोले, मेरा तन डोले बजने लगा। हिंदी साहित्य में एक नए युद्ध की आशंका मुझे अंदर ही अंदर पुलकित करने लगी। दो पुराने साथियों के बीच का चला आता मेरे हमदम मेरे दोस्त वाला वैचारिक जोड़ अब टूटता नजर आया!

मैंने साथी के सात्विक क्रोध को सहलाते हुए पूछाः यह क्या बात हुई? क्यों नहीं जा रहे आप तो प्रमुख वक्ताओं में से एक हैं?

साथी बोले, मैं नहीं जा रहा, क्योंकि 'वह' आ रहा है। उसके साथ मंच साझा करना मेरे लिए असंभव है। उसने उस फासिस्ट से हाथ मिलाया है।

तो क्या? इन दिनों तो हर कोई छिपकर या खुलकर, किसी न किसी से हाथ मिलाता फिरता है। सिर्फ हाथ मिलाने से विचार नहीं बदल जाते। फिर आपकी जुगल जोड़ी तो हिंदी साहित्य में 'जोहर महमूद इन गोवा' वाली जोड़ी कहलाती है। जहां जाते हैं, आप दोनों मंच लूट लेते हैं। अब अचानक ऐसा क्या हुआ कि सिर्फ किसी से हाथ मिलाने और गले मिलने से इतनी पुरानी कॉमरेडशिप खत्म हो गई?

मेरी मजाहिया तबीयत को वह जानते थे, इसलिए सह गए और कह गए कि 'कमिटमेंट भी कोई चीज है कॉमरेड'। मैं अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकता। तुम जानते नहीं, उस दिन वह साहित्य के एक फासिस्ट के गले मिला। गद्दार कहीं का! कल तक तो वह 'फासिज्म' को 'इंडिया' का दुश्मन मानता था। कोई बंदा इतनी बेशर्मी से असली रंग दिखा सकता है, यह न सोचा था। मैंने तय कर लिया है कि अब जिस मंच पर वह होगा, उसकी ओर मैं थूकूंगा भी नहीं। मैंने तो उसे 'अनफ्रेंड' भी कर दिया है।

मैंने सवाल दागा, आयोजकों ने तो आपको इस आयोजन के बारे में बताया होगा? वह फट पड़े- बताया था, पर यह कहां बताया था कि वह उस फासिस्ट से गले मिल चुका है? वह तो एक दोस्त ने वाट्सएप पर फासिस्ट मिलन वाला सीन भेज दिया। इसके बाद, मैंने कह दिया कि मैं नहीं आ रहा।... अब आप वहां जा रहे हैं, तो आप भी मेरी 'फ्रेंड लिस्ट' से गए। मेरा 'सेकूलरिज्म' अब आपके साथ भी नहीं बैठ सकता।

इन दिनों हिंदी साहित्य का एक हिस्सा इस कदर 'कमिटमेंटवादी' है कि आप उनकी लाइन से जरा सा भी इधर-उधर हुए कि वर्ग शत्रु घोषित हुए। कौन किसके साथ है? कौन कब कहां था? किस गोष्ठी में किसके साथ मंच साझा कर रहा था? वह प्रगतिशील था कि प्रतिक्रियावादी? कौन किसके साथ टहलता है? कौन किसके हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुआ? कौन 'जेन-जेड' और कौन 'वोक' के साथ है?

हिंदी साहित्य में नई छुआछूत की वापसी हुई है। आप क्या और कैसा लिख रहे हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि आप किसके साथ मंच साझा कर रहे हैं, किससे हाथ मिला रहे हैं, किस फोटो में किसके साथ दिख रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है। अब लेखन नहीं, लेखक महत्वपूर्ण है, इसीलिए लेखन 'आउट' है और लेखक 'इन' है। हिंदी साहित्य कबीला युग में पहुंच गया है। आप अपने कबीले के साथ नहीं, तो कबीला आपके साथ नहीं।

आप लिखने में अपनी जान लड़ा दें, अगर वह बॉस की पॉलिटिकल लाइन के अनुसार नहीं, तो लाख कलम घिसते रहें, आपका लिखा दो कौड़ी का नहीं। अब न किसी को कोई पढ़ता है, न किसी बात पर कुछ देर टिककर बहसता है, न किसी मुद्दे पर 'एंगेज' ही करता है। हर बहस एक गाली है। तिस पर, यह शिकायत कि साहित्य पर विचार नहीं होता!

इसीलिए साहित्य की नई लाइन है : साहित्य जाए, लेकिन कॉमरेड की लाइन न जाए!

कटाक्ष

राजेंद्र धोड़पकर

संपन्न व्यापारिक घराने में जन्म। पिता और बड़े भाई की असमय मृत्यु के कारण सिर्फ सातवीं कक्षा तक पढ़ाई। स्वाध्याय से हिंदी, संस्कृत, फारसी भाषा एवं साहित्य का अध्ययन। साथ ही वैदिक वांग्मय और भारतीय दर्शन का भी ज्ञान अर्जन। छायावादी कविता के प्रमुख स्तंभ जयशंकर प्रसाद (30 जनवरी, 1889 – 15 नवंबर, 1937) ने कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक और निबंध जैसी अनेक साहित्यिक विधाओं में भरपूर लेखन किया। 'आंसू', 'चंद्रगुप्त', 'ध्रुवस्वामिनी' और 'कंकाल' आदि प्रमुख कृतियां। कालजयी महाकाव्य 'कामायनी' के रचनाकार और लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की चर्चित प्रेम कहानी 'मदन-मृणालिनी' से प्रस्तुत है एक अंश...

मदन-मृणालिनी

इलस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

प्रेम-कथा - 3

मदन और मृणालिनी दोनों की आंखों से आंसुओं की धारा धीरे-धीरे बह रही है। चंचलता का नाम भी नहीं है। कुछ बल आने पर दोनों नाव में जा बैठे।

■ जयशंकर प्रसाद

मदन ने मल्लाहों को पास के गांव से दूध या और कुछ भोजन की वस्तु लाने के लिए भेजा। फिर दोनों ने बिछुड़ने के उपरांत की सब कथा परस्पर कह सुनाई।

मृणालिनी कहने लगी- 'भैया किशोरनाथ से मैं तुम्हारा सब हाल सुना करती थी। पर वह कहा करते थे कि तुमसे मिलने में उनको संकोच होता है। इसका कारण उन्होंने कुछ नहीं बताया। मैं भी हृदय पर पत्थर रखकर तुम्हारे प्रणय को आज तक स्मरण कर रही हूं।'

मदन ने बात टालकर पूछा- 'मृणालिनी, तुम जल में कैसे गिरीं?'

मृणालिनी ने कहा-'मुझे बहुत उदास देख भैया ने कहा, चलो तुम्हें एक तमाशा दिखलावें, सो मैं भी आज यहां मेला देखने आई थी। कुछ कोलाहल सुनकर मैं नाव पर खड़ी होकर देखने लगी। दो नाववालों में झगड़ा हो रहा था। उन्हीं के झगड़े में हाथापाई में नाव हिल गई और मैं गिर पड़ी। फिर क्या हुआ, सो मैं कुछ नहीं जानती।'

इतने में दूर से एक नाव आती हुई दिखाई पड़ी, उस पर किशोरनाथ था। उसने मृणालिनी को देखकर बहुत हर्ष प्रकट किया और सब लोग मिलकर बहुत आनंदित हुए। कुछ बातचीत होने के उपरांत मृणालिनी और किशोर दोनों ने मदन के घर चलना स्वीकार किया। नावें नदी तट पर स्थित मदन के घर की ओर बढ़ीं। उस समय मदन को एक दूसरी ही चिंता थी।

भोजन के उपरांत किशोरनाथ ने कहा- 'मदन, हम अब भी तुमको छोटा भाई ही समझते हैं, पर तुम शायद हमसे कुछ रुष्ट हो गए हो।'

मदन ने कहा- 'भैया, कुछ नहीं। इस दास से जो कुछ ढिठाई हुई हो, उसे क्षमा करना, मैं तो आपका वही मदन हूं।'

इसी तरह की बहुत-सी बातें होती रहीं और फिर दूसरे दिन किशोरनाथ मृणालिनी को साथ लेकर अपने घर गया।

अमरनाथ बाबू की अवस्था बहुत शोचनीय है। वह एक प्रकार से मद्य के नशे में चूर रहते हैं। काम-काज देखना सब छोड़ दिया है। अकेला किशोरनाथ काम-काज संभालने के लिए तत्पर हुआ, पर उसके व्यापार की दशा भी अत्यंत शोचनीय होती गई। उसके पिता का स्वास्थ्य भी बिगड़ता चला गया। उसे चारों ओर अंधकार दिखाई देने लगा।

संसार की कैसी विलक्षण गति है। जो बाबू अमरनाथ एक समय सारे सीलोन में प्रसिद्ध व्यापारी गिने जाते थे और व्यापारी लोग जिनसे सलाह लेने के लिए तरसते थे, वही अमरनाथ इस समय कैसी अवस्था में है। कोई उनसे मिलने भी नहीं आता। किशोरनाथ एक दिन अपने आफिस में बैठा कार्य देख रहा था। अकस्मात मृणालिनी भी वहां आ गई और एक कुर्सी खींचकर बैठ गई। उसने किशोर से कहा- 'क्यों भैया, पिताजी की कैसी अवस्था है? काम-काज की भी दशा अच्छी नहीं है, तुम भी चिंता से व्याकुल रहते हो, यह क्या है?'

किशोरनाथ- 'बहन कुछ न पूछो, पिताजी की अवस्था तो तुम देख ही रही हो। काम-काज की अवस्था भी अत्यंत शोचनीय हो रही है। पचास लाख रुपये के लगभग बाजार का देना है और ऑफिस का रुपया सब बाजार में फंस गया है, जो कि काम देखे-भाले बिना पिताजी की अस्वस्थता के कारण दब-सा गया है। इसी सोच में बैठा हुआ हूं कि ईश्वर क्या करेंगे।'

'भैया किशोरनाथ से मैं तुम्हारा सब हाल सुना करती थी। वह कहा करते थे कि तुमसे मिलने में उनको संकोच होता है। मैं भी हृदय पर पत्थर रखकर तुम्हारे प्रणय को आज तक स्मरण कर रही हूं।'

मृणालिनी भयातुर हो गई। उसके नेत्रों से आंसुओं की धारा बहने लगी। किशोर उसे समझाने लगा, फिर बोला- 'केवल एक ईमानदार कर्मचारी अगर काम-काज की देखभाल किया करता, तो यह अवस्था न होती। आज यदि मदन होता, तो हम लोगों की यह दशा न होती।'

मदन का नाम सुनते ही मृणालिनी कुछ विवर्ण हो गई और उसकी आंखों में आंसू भर आए। इतने में दरबान ने आकर कहा- 'सरकार, एक रजिस्ट्री चिट्ठी मृणालिनी देवी के नाम से आई है, डाकिया बाहर खड़ा है।'

किशोर ने कहा- 'बुला लाओ।'

किशोर ने वह रजिस्ट्री लेकर खोली। उसमें एक पत्र और एक स्टाम्प का कागज था। इसे देखकर किशोर ने मृणालिनी के आगे कर दिया। मृणालिनी ने फिर वह पत्र किशोर के हाथ में देकर पढ़ने के लिए कहा। किशोर पढ़ने लगा।

'मृणालिनी!

आज मैं तुमको पत्र लिख रहा हूं। आशा है कि तुम इसे ध्यान से पढ़ोगी। मैं एक अनजाने स्थान का रहनेवाला कंगाल के भेष में तुमसे मिला और तुम्हारे परिवार में पालित हुआ। तुम्हारे पिता ने मुझे आश्रय दिया और मैं सुख से तुम्हारा मुख देखकर दिन बिताने लगा। लगता है, देव को वह भी ठीक न जंचा। अच्छा, जैसी उसकी इच्छा, पर मैं तुम्हारे परिवार को सदा स्नेह की दृष्टि से देखता हूं। बाबू अमरनाथ के कहने-सुनने का मुझे कुछ ध्यान भी नहीं है। मैं उसे आशीर्वाद समझता हूं। मेरे चित्त में उसका तनिक भी ध्यान नहीं है, पर केवल पश्चाताप यह है कि मैं उनसे बिना कहे-सुने चला आया। अच्छा, इसके लिए उनसे क्षमा मांग लेना और भाई किशोरनाथ से भी मेरा यथोचित अभिवादन कह देना।

अब मैं कुछ आवश्यक बाते लिखता हूं, उन्हें ध्यान से पढ़ो। जहां तक संभव है, उनके करने में तुम आगा-पीछा न करोगी, यह मुझे विश्वास है। मुझे तुम्हारे परिवार की दशा अच्छी तरह विदित है, मैं उसे लिखकर तुम्हारा दुख नहीं बढ़ाना चाहता। सुनो, यह एक 'बिल' है, जिसमें मैंने अपनी सीलोन की सारी संपत्ति तुम्हारे नाम लिख दी है। वह तुम्हारी ही है। उसे लेने में तुमको कुछ संकोच नहीं करना चाहिए। वह सब तुम्हारे ही रुपये का लाभ है। जो धन मैं वेतन में पाता था, वही मूल कारण है। अस्तु, यह मूलधन, लाभ और ब्याज सहित, तुमको लौटा रहा हूं। इसे अवश्य स्वीकार करना और स्वीकार करो या न करो, अब सिवा तुम्हारे इसका स्वामी कौन है? क्योंकि मैं भारतवर्ष से जिस रूप में आया था, उसी रूप में वापस जा रहा हूं। मैंने इस पत्र को लिखकर तब भेजा है, जब घर से निकलकर जहाज के लिए रवाना हो चुका हूं। अब तुमसे भेंट भी नहीं हो सकती। तुम यदि आओ भी, तो उस समय मैं जहाज पर होऊंगा। तुमसे मेरी केवल यही प्रार्थना है कि 'तुम मुझे भूल जाना।'- मदन'

यह पत्र पढ़ते ही मृणालिनी और किशोरनाथ की अवस्था अजीब-सी हो गई। मृणालिनी ने कातर स्वर से कहा-'भैया, क्या समुद्र तट तक चल सकते हो?'

किशोरनाथ ने खड़े होकर कहा-'अवश्य।'

बस, तुरंत ही एक गाड़ी पर सवार होकर दोनों समुद्र तट की ओर चले। ज्योंही वे वहां पहुंचे, त्योंही जहाज तट छोड़ चुका था। उस समय व्याकुल होकर मृणालिनी की आंखें किसी को खोज रही थी, किंतु अधिक खोज नहीं करनी पड़ी।

किशोर और मृणालिनी दोनों ने देखा कि गेरुए रंग का कपड़ा पहने हुए एक व्यक्ति दोनों को हाथ जोड़े हुए जहाज पर खड़ा है और जहाज शीघ्रता के साथ समुद्र के बीच में चला जा रहा है।

मृणालिनी ने देखा कि बीच में अगाध समुद्र है।

(साभार : 'हिंदी समय', महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा)

पुस्तकें आई हैं

ऑपरेशन सिंदूर अनजाने संदर्भ
(इतिहास अध्ययन)
लेखक : करुणाशंकर उपाध्याय
प्रकाशक : सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य : ₹495

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने पहचान और धर्म पूछकर 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड के जवाब में भारतीय सेना ने 6-7 मई, 2025 को एक सैन्य हवाई अभियान को अंजाम दिया था। इस अभियान का कोडनेम 'ऑपरेशन सिंदूर' था। पुस्तक 'ऑपरेशन सिंदूर : अनजाने संदर्भ' में इसी कामयाब ऑपरेशन की विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें भारतीय सेनाओं ने रॉ और इसरो के सहयोग से दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके कई एयरबेस और आंतकी ठिकाने नष्ट किए। इस सैन्य अभियान में भारत ने किन-किन हथियारों का इस्तेमाल किया और आतंकवाद को लेकर उसकी नीति पर व्यापक रोशनी डाली गई है।



हिन्दी पत्रकारिता के हिन्दीतर उन्नायक
(पत्रकारिता)
लेखक : श्रीकान्त सिंह
प्रकाशक : प्रवासी प्रेम पब्लिशिंग, साहिबाबाद
मूल्य : ₹510

हिंदी पत्रकारिता ने दो सौ वर्ष का सफर पूरा कर लिया है। इस लंबी यात्रा में पत्रकारिता और पत्रकार दोनों के ही रूप-रंग में खासा बदलाव आया है। मिशन से व्यवसाय तक का सफर तय कर चुकी हिंदी पत्रकारिता को संवारने में हिंदीतर पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। उनके इसी योगदान को रेखांकित करती है पुस्तक 'हिन्दी पत्रकारिता के हिन्दीतर उन्नायक।' इसमें राजा राममोहन राय, मोहनदास करमचंद गांधी, बाबूराव विष्णु पराडकर, माधवराव सप्रे, सखाराम गणेश देउस्कर, लाला जगतनारायण, बालशौरि रेड्डी, हेमंत कुमार देवी चौधरानी और राहुल बारपुते आदि जैसे सत्ताइस हिंदीतर पत्रकारों के बारे में सारगर्भित और उपयोगी जानकारी है।

कथा-सप्तक - क्षमा शर्मा
(कहानी-संग्रह)
संपादक : आकाश माथुर
प्रकाशक : शिवना प्रकाशन, सीहोर (म.प्र.)
मूल्य : ₹250

परिवार में मां, सिर्फ एक रिश्ता भर नहीं होती, वह एक पुल भी होती है। जिसके सहारे परिवार अपनी कठिनाइयों के पार उतरता है और वह सबको आपस में जोड़े भी रखती है। पीढ़ियों और समय के बदलाव के बाद भी अगर कुछ नहीं बदला है, तो वह है मां को मिलनेवाले उलाहने। मां के ऐसे ही संसार की पीड़ा बयां करती है, 'कथा-सप्तक-क्षमा शर्मा' की कहानी-'मम्मी आ रही हैं।' इस संपादित कहानी-संग्रह में वरिष्ठ कथाकार और लेखिका क्षमा शर्मा की चुनिंदा सात कहानियां हैं। शहरीकरण और आधुनिक जीवन शैली के बीच बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्य और प्रगतिशीलता का लबादा ओढ़े समाज में स्त्री शोषण की विद्रूपता को आईना दिखाती हैं इस संग्रह की कहानियां।

प्रेम में होशियारी नहीं दिखा पाई दीबा

यह 'सुनील बोस' की गाथा है, जो एक मुस्लिम लड़की 'दीबा' से निकाह के लिए धर्मांतरण करके 'मोहम्मद दानियाल' बन गया। एक निम्नमध्यवर्गीय परिवार की जद्दोजहद के बीच अपनी पहचान छिपाते और ओढ़ते हुए उनका जीवन आगे बढ़ रहा है। इसी के समानांतर कलकत्ता की अंधेरी और उमसभरी गलियों में रहनेवाले लोगों की जिंदगी है। उपन्यास 'कलकत्ता कॉस्मोपॉलिटन : दिल और दरारें' से प्रस्तुत है एक अंश...

पुस्तक अंश

औरतें कमजोर नहीं होतीं। बस प्रेम में पड़कर कमजोर हो जाती हैं। दीबा से बहुत आशाएं थीं, उसकी मां सुकरानी बेगम को। पांचों लड़कियों में बचपन से सबसे तेज थी। रंग भी पक्का नहीं था दूसरी बहनों की तरह, जो अपने अब्बा पर गई थीं। अपनी मां की सबसे कम मार उसी ने खाई। स्कूल की पढ़ाई में तेज थी ही, फिजियोथेरेपी का छह महीने का कोर्स तीन महीने में कर डाला। डॉक्टर साहब बड़ाई करते न थकते। जिसे हाथ लगाती है, वही उसका मुरीद हो जाता है।

मां उसी के स्कूल में हेल्पर है, किसी को पता नहीं चलने दिया। बचपन से समझती थी सारी बातें। स्कूल की नौकरी के बाद मां अखबार और मैगजीन के कागजों से लिफाफे बनाती है। इतने लोगों के खाने-पहनने-पढ़ने के लिए पैसों की सख्त जरूरत है; हर बात का उसे इल्म रहता। छोटे-छोटे हाथों से आलू छील रखती, आटा लगा लेती, कबाड़ी के पास जाकर लिफाफों के कागज ला रखती। पर जहां होशियारी दिखानी थी, वहीं फिसल गई। चिकनी सूरत का बंगाली लड़का। कभी-न-कभी धोखा देगा।

बोस को पता था कि मां जी क्या सोचती हैं। बोस उन्हें अम्मी जी कहता। दीबा की तरह मां जी न कह पाता। उनके चेहरे पर उनके मन का संदेह पढ़ सकता था। दुनिया की सब मांएं जाने क्यों ऐसी शंकालु होती हैं। उसकी मां को भी तो दीबा पर भरोसा न था। धर्म की दीवार तो अभेद्य है ही, अपनी पसंदगी भी क्या कम दीवारें खड़ी करती है?

हर मां-बाप को अपने बच्चों की पसंद पर अपनी पसंद लादनी होती है। पसंद के भी कितने मापदंड होते हैं और एक-दूसरे की पसंद को लेकर कितना झगड़ा। बोस को पता था कि उसको पसंद करने को लेकर दीबा के मां-बाप में भी आपस में मतभेद था। अम्मी जी को अपने पति सलीम मियां का उस पर फिदा होना बहुत चुभता था।

बेचारे सलीम मियां के अंदर एक सूफीपन जिंदा था, जिसे वे दुनिया के तमाम झंझटों से जूझते-जूझते किसी तरह बचाए हुए थे। किसी शख्स पर नहीं, बस प्रेम पर ही भरोसा। वह प्रेम, जो किसी चट्टान पर बिना मिट्टी, बिना पानी के पौधे की तरह उग आता है। 'हमन हैं इश्क मस्ताना, हमन को होशियारी क्या'- सलीम मियां को प्रेस में कंपोजिटर का काम करते हुए इश्क पर जितने शेर, जितने नगमे मिल जाते, उन्हें एक कॉपी में लिखकर छुपा कर वहीं प्रेस में रखते। किसी के सामने शेरो-शायरी बोलने का मौका नहीं था, क्योंकि सारी दुनिया 'होशियारी' में लगी हुई थी। सबसे ज्यादा तो उनकी बीवी सुकरानी बेगम, जिससे प्रेम करके उन्होंने अपने परिवार की पसंदगी से युद्ध मोल लिया था।

एक शादीशुदा बच्चे वाली औरत परिवार को कैसे जंचती? उन्हें शुरू में लगा था कि सुकरानी बेगम को भी उनकी तरह इश्क से इश्क है। पर बाद में पता चला कि यह उनका अपना पाला हुआ वहम था। जमीनी हकीकत कुछ और थी। कहीं पढ़ा था, 'इश्क-ए-मजाजी से इश्क-ए-हकीकी तक, पांव-पांव चलने का बोलो, रास्ता क्या है?' पर लोग तो खुदा के किसी बंदे से ही प्रेम नहीं कर सकते, इश्के हकीकी करने का रास्ता वे क्या खोजने निकलेंगे।

दीबा और बोस का इश्क सलीम मियां के दिल को ऐसी खुशी दे रहा था, जिसे वे प्रेस में छिपाई हुई कॉपी की तरह दिल में छुपाकर रखे हुए थे। जमाई बोस उर्फ दानियाल दिन में पांच बार नमाज अता करता था। इस्लाम पर बांग्ला और अंग्रेजी में किताबें पढ़ रहा था। पढ़े-लिखों की बात ही कुछ और होती है।



कलकत्ता कॉस्मोपॉलिटन दिल और दरारें
(उपन्यास)
लेखिका : अलका सरावगी
प्रकाशक : राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य : ₹399

रोजनामचा

साप्ताहिक भविष्यफल
(21 जून से 27 जून 2026)

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

मेष (21 मार्च-20 अप्रैल)
मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। 24 जून के बाद किसी कारोबारी मित्र से भेंट हो सकती है।

वृष (21 अप्रैल-20 मई)
संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। वाणी के प्रभाव से कारोबार में वृद्धि होगी। कारोबार विस्तार के लिए माता-पिता व परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

मिथुन (21 मई-21 जून)
सप्ताह के प्रारंभ में आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। अपनी व परिवार की सेहत का ध्यान रखें। आय में कमी व खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

कर्क (22 जून-23 जुलाई)
वाणी में मधुरता रहेगी। सप्ताह के प्रारंभ में कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। 24 जून के बाद कारोबार में सुधार होगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह (24 जुलाई-22 अगस्त)
सप्ताह के प्रारंभ में मन प्रसन्न रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रादि पर खर्च भी बढ़ सकते हैं। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं।

कन्या (23 अगस्त-22 सितंबर)
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर भी जा सकते हैं। लंबे के समय के बाद किसी पुराने मित्र से संपर्क हो सकता है।

तुला (23 सितंबर-23 अक्तूबर)
मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। किसी नए कारोबार की शुरुआत करने के योग बन रहे हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक (24 अक्तूबर-21 नवंबर)
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु शांति बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर)
धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ सकती है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

मकर (22 दिसंबर-19 जनवरी)
आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। सेहत का ध्यान भी रखें। 24 जून से कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। किसी नए कारोबार के लिए प्रयास भी सफल होंगे।

कुंभ (20 जनवरी-18 फरवरी)
मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे। सप्ताह के प्रारंभ में कारोबार की स्थिति ठीक रहेगी।

मीन (19 फरवरी-20 मार्च)
मन शांत रहेगा, परंतु आलस्य अधिक हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

21 जून, रविवार, **शक संवत्** : 31 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 07 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 05 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी तिथि अपराह्न 03.21 मिनट तक। व्यतिपात योग, वणिज करण। चंद्रमा सिंह राशि में अपराह्न 03.40 मिनट तक उपरांत कन्या राशि में।

सूर्य उत्तरायण। ग्रीष्म ऋतु। सायं 04.30 मिनट से सायं 06 बजे तक राहुकालम्। भद्रा अपराह्न 03.21 मिनट से रात्रि 03.31 मिनट तक। सायन दक्षिणायन प्रारंभ।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

हम जिस घर में रह रहे हैं, उसमें मेरी बेटी का विवाह टूट गया। मेरी पत्नी भी डिप्रेशन में रहती है। मेरा भी स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता। कोई उपाय बताएं। –दर्शन सिंह, रोहतक

■ आपके घर के तीन टॉयलेट पूर्व, दक्षिण पूर्व एवं दक्षिण दक्षिण पूर्व दिशा में एक साथ बने हैं। यह एक बड़ा दोष है। यह स्वास्थ्य एवं धन संबंधी समस्याओं का बहुत बड़ा कारक होता है। आपका घर डबल साइड फेसिंग है, जो कि पश्चिम एवं दक्षिण मुखी है। इन दिशाओं के मार्ग वाला घर वास्तु के अनुसार अच्छा नहीं होता है। आपकी रसोई भी दक्षिण पश्चिम दिशा में है, जो तनाव एवं व्यावसायिक अस्थिरता देती है। आप तीनों टॉयलेट में तांबे की तार लगाएं। घर के बाहर दक्षिण पश्चिम दिशा में एक पाकुआ मिरर लगाएं। वहां पर एक पंचमुखी हनुमान का चित्र भी लगाएं।

वर्ग पहेली : 8366



बाएं से दाएं

1. ऊंचे स्थान से गिरता पानी (5)
5. अर्द्धमृत; मृतप्राय (4)
6. बीच का काल; मध्यवर्ती (4)
7. रसास्वादन करना; स्वाद के लिए खाना; स्वाद देखना; स्वाद लेना (3)
8. समाप्ति; मृत्यु (2)
9. कुम्हार का गोलाकार पत्थर; पहिया; खरिया मिट्टी (2)
10. अंश रूप में; एक भाग का; अधूरा; थोड़ा (3)
12. कोई बात कह कर उससे फिर जाना; हां कर के इंकार करना (4)
13. धीरे-धीरे चलना; मंद-मंद गमन करना; मंद-मंद चलना; विचरना (4)
14. हिंदुओं का एक संस्कार; जनेऊ; यज्ञोपवीत संस्कार (5)

ऊपर से नीचे

2. जिसका प्रसार किया गया हो; प्रचारित (4)
3. अधपका; अधूरा; अर्द्धनिर्मित; कच्चा (4)
4. पराभूत करना; परास्त करना; हराना (4,3)
6. पूरा शरीर टूटना; बुरी तरह से थक जाना; शिथिल होना (2,2,3)
7. अन्न जिसे पीस कर एक दाल बनती है; चना; वातल (3)
10. उथल-पुथल करने वाला प्रयास; किसी बात के लिए सामूहिक प्रयत्न; जन संग्राम; हलचल; विरोध प्रदर्शन; कंपन; झूलन (4)
11. घी में तलकर बनाया हुआ खाद्य पदार्थ (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली 8365 का उत्तर

1 का	2 न	में	3 ते	ल	डा	4 ल	ना	■
■	ज	■	ली	■	■	ह	■	5 ज
6 घे	र	ना	■	7 आ	ह	ल	ग	ना
■	आ	■	■	ना	■	हा	■	धा
8 अ	ना	9 मि	का	■	10 मौ	ना	11 का	र
ज	■	ल	■	12 की	■	■	ला	■
13 न	य	न	ज	ल	■	14 चौ	बा	रा
बी	■	सा	■	■	15 कं	■	जा	■
■	16 ध	र	आ	बा	द	क	र	ना

सुडोकू : 8348

*आसान

8			1				9	
	9		8	4			7	3
	7				2	4		
4		8	7					
	1						8	
					1	9		5
		6	5				1	
7	5			3	6		2	
	8				4			6

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

हल : सुडोकू नं. 8347

1	3	6	4	5	2	9	8	7
9	4	7	1	3	8	2	5	6
2	5	8	9	6	7	3	4	1
5	8	2	6	1	9	7	3	4
4	1	3	7	2	5	6	9	8
6	7	9	8	4	3	1	2	5
7	6	5	2	9	4	8	1	3
3	2	1	5	8	6	4	7	9
8	9	4	3	7	1	5	6	2

मी पाहिलेले प्रा. बी. टी. देशमुख

खा. अशोक चव्हाण
माजी मुख्यमंत्री

विधानपरिषदेचे माजी आमदार प्रा. बी. टी. देशमुख यांच्या निधनाची बातमी अतिशय वेदनादायी आहे. महाराष्ट्राच्या विधिमंडळ इतिहासात आपल्या अभ्यासाच्या, वक्तृत्वाच्या आणि तत्वनिष्ठेचा जोरावर एक वेगळा व अमिट ठसा उमटवणाऱ्या नेत्यांपैकी ते एक होते. त्यांच्या रूपात विदर्भाच्या, शिक्षकांच्या आणि पदवीधरांच्या हक्कांसाठी लढणारा एक निःस्वार्थ, निर्भीड आणि झुंजार नेतृत्व काळाच्या पडद्याआड गेले आहे.

विधिमंडळ सदस्य आणि राज्य मंत्रिमंडळातील एक मंत्री म्हणून मला त्यांचे कार्य अगदी जवळून अनुभवता आले. १९९३ मध्ये राज्याचा नगरविकास आणि सार्वजनिक बांधकाम राज्यमंत्री म्हणून काम करण्याची संधी मला मिळाली. त्यानंतर अनेक वर्ष मी मंत्रिमंडळाचा सदस्य म्हणून सभागृहात प्रा. बी. टी. देशमुख यांच्या प्रश्नांना, त्यांनी उपस्थित केलेल्या चर्चेला उत्तरे दिली. ते केवळ प्रश्न विचारत नसत, तर त्या प्रश्नांच्या मुळाशी जाऊन अचूक आकडेवारी आणि सखोल माहितीसह सरकारला धारेवर धरत. त्यांचा अभ्यास इतका दांडगा असायचा की, त्यांना उत्तर देण्यासाठी मंत्र्यांनाही कसून अभ्यास करावा लागे. सभागृहात त्यांच्यासमोर थातूरमातूर किंवा मोघम उत्तरे देऊन वेळ मारून नेणे केवळ अशक्य होते; कारण उत्तरात थोडी जरी विसंगती असली, तरी ती त्यांच्या तीक्ष्ण नजरेतून सुटत नसे.



संसदीय कामकाजाचे नियम त्यांच्या अगदी नखशिखांत भिनले होते. आपला मुद्दा अत्यंत आक्रमकपणे मांडून मंत्र्यांकडून ठोस आश्वासन पदरात पाडून घेण्याची त्यांची हातोटी विलक्षण होती. जयंतराव टिळक, ना. स. फरांदे, शिवाजीराव देशमुख यांसारख्या तत्कालीन दिग्गज सभापतींनीही त्यांच्या या अभ्यासू वृत्तीचा नेहमीच सन्मान केला व त्यांच्या मागण्यांना सभागृहात भरपूर वाव दिला. विधानपरिषदेच्या आश्वासन समितीचे प्रमुख म्हणून त्यांनी केवळ स्वतःच्याच नव्हे, तर इतर सदस्यांच्या प्रश्नांवर शासनाने दिलेल्या आश्वासनांची पूर्तता करून घेण्यासाठी प्रशासनावर जो अंकुश ठेवला, तो आजही अनुकरणीय आहे.

प्रा. देशमुखांचे सर्वात मोठे वैशिष्ट्य म्हणजे त्यांचा प्रखर बाणेदारपणा आणि स्वाभिमान. त्यांनी कधीही कुठल्याही वैयक्तिक कामाचा आग्रह धरला नाही. ते नेहमीच सार्वजनिक हिताच्या प्रश्नांसाठी झटले. शासकीय बैठकींचा अपवाद वगळता त्यांनी कधीही मंत्र्यांच्या दालनाचा उंबरठा ओलांडला नसेल. त्यांच्या या निःस्पृह वृत्तीमुळेच मंत्री असोत वा प्रशासकीय अधिकारी, सर्वांच्याच मनात त्यांच्याविषयी एक दबदबा आणि कमालीचा आदर होता.

विदर्भाच्या विकासाचा अनुशेष हा त्यांच्या राजकीय आणि सामाजिक जीवनाचा श्वास होता. या विषयावर सभागृहात बोलताना ते आकडेवारी आणि पुराव्यांचा असा काही कीस पाडत की, त्यांच्या तर्कापुढे शासनालाही नमते घ्यावे लागे. मागास भागांच्या विकासासाठी लढणाऱ्या प्रत्येक लोकप्रतिनिधीसाठी ते एक प्रेरणास्थान होते. विदर्भ, मराठवाड्यात अनुशेष निर्मूलनासाठी त्यांनी दिलेले योगदान अद्वितीयच म्हणावे लागेल. माझ्या कारकिर्दीच्या सुरुवातीच्या काळात मला त्यांच्यासारख्या दिग्गजाकडून खूप काही शिकायला मिळाले. त्यांची काम करण्याची पद्धत मी माझ्या आयुष्यात अनुसरण्याचा प्रयत्न केला. निःस्वार्थी वृत्ती, जनसामान्यांबद्दल तळमळ आणि आपल्या कर्तव्याप्रती असलेल्या अपार निष्ठेमुळे त्यांचे एक वेगळेच वलय होते. प्रा. बी. टी. देशमुख यांच्या रूपात महाराष्ट्राने पुढील अनेक पिढ्यांच्या स्मरणात राहील असा एक उत्तम संसदपटू आणि राज्याच्या मागास भागांसाठी प्राणपणाने लढणारा एक सच्चा योद्धा गमावला आहे. त्यांच्या स्मृतींना माझी विनम्र श्रद्धांजली!

ऑपरेशन टायगर, ऑपरेशन तुडवा आणि ऑपरेशन कमळ..!

अतुल कुलकर्णी
संपादक, मुंबई

प्रिय खासदार मित्रांनो,

तुमचे अभिनंदन!

तुम्ही कमाल केली. एका पक्षाच्या चिन्हावर तुम्ही निवडून आलात. तुमच्यासाठी ज्या नेत्याने प्रचार केला, त्याला टाटा बाय-बाय करून तुम्ही दुसऱ्या पक्षात जात आहात अशा बातम्या आल्या. तुम्ही दुसरे चिन्ह असणाऱ्या पक्षाच्या नेत्याकडे जाऊन आल्याचेही कळाले. त्यांनीदेखील, 'सुबह का भुला, शाम को वापस आता है, तो उसे भुला नही कहते...' असे म्हणत तुम्हाला प्रेमाने जवळ केल्याचे समजले. संजय राऊत, संजय शिरसाट यांचे भाषण ऐकून, बरे झाले मराठीला अभिजात भाषेचा दर्जा मिळाल्याचे मनस्वी समाधान वाटले. काय ते शब्दप्रयोग... काय तो अभिनिवेश... दोन्ही बाजूंनी सगळे नेते ज्या भाषेचा प्रयोग करीत आहेत ती भाषा आमच्या शाळेत कधी शिकवणार? असे जनरेशन 'अल्फा'वाला आमचा नातू विचारत आहे. महाराष्ट्राच्या राजकारणातले हे सौहार्दपूर्ण वातावरण पाहून आम्हाला तुम्हा सगळ्यांचा प्रचंड अभिमान वाटत आहे.

ज्यांनी तुम्हाला निवडून दिले, ज्यांनी तुमच्यासाठी मतदान केले, त्या सगळ्यांना काहीही कळू न देता, तुम्ही तुमचा पक्ष सोडला. किंवा पक्ष सोडल्याच्या बातम्या सोडल्या..! त्यावरून तुमच्या चाणक्यनीतीचा आम्हाला हेवा वाटत आहे. हे गुण तुम्ही जिथे कुठे शिकला असाल त्याचे 'पेटंट' घेऊन ठेवायला हरकत नाही. 'शिवाजी कोण होता?' असे पुस्तक लिहिणारे गोविंद पानसरे यांच्याविषयी ज्या आ. संजय गायकवाड यांनी प्रश्न उपस्थित केले, त्यांना 'पेटंट' म्हणजे काय हे नक्की माहिती असेल. त्यामुळे समजले नाही, तर त्यांना नक्की विचारा. महाभारतातले असो किंवा विद्यमान काळातले असो संजय नावाचे लोक विद्वान असतात हेच खरे.

असो. मुद्दा तो नाही. आता तुम्ही तुमच्या मतदारसंघात जाल. तेव्हा लोक तुमचे उत्स्फूर्तपणे स्वागत करतील. काही नतद्रष्ट मंडळी तुमच्या प्रतिमेला नको ते हार घालतील. म्हणून तुम्ही हार मानू नका. जो प्रवास तुम्ही सध्या करीत आहात त्या प्रवासात तुम्हाला अनेक अडथळे येतील. तुम्ही निवडणुकीला उभे होता तेव्हा - तुमचा प्रचार कोणी केला? लोकांनी कोणाकडे बघून मतदान केले? त्यावेळी तुम्ही केलेल्या भाषणांचे आता काय करायचे? तुम्ही लोकांचा विश्वास मिळवला की घालवला? खासदारकीच्या प्रचारापासून आतापर्यंत तुम्ही सत्ताधारी पक्षाबद्दल जी काही विधाने केली ती खरी? की आता तुम्ही जे बोलत आहात ते खरे? एका क्षणात इकडून तिकडे जाताना तुम्हाला काय त्रास झाला..? आधीच रिझर्व्हेशन केले होते की ॲडव्हान्स बुकिंग होते? या प्रवासात वाटेत कुठे थांबलात का..? ट्रेन, बस, विमान... कशाने प्रवास केला..? प्रवासात खिडकीतून हात बाहेर काढल्यावर कोणी हातावर काही ठेवले का..? असे असंख्य फडतूस प्रश्न तुम्हाला विचारले जातील. चिंता करू नका. असे प्रश्न विचारणाऱ्यांना जवळ येऊ देऊ नका. उगाच तुमच्या मनात नकारात्मक वातावरण तयार होईल. आता आपण जिकडे आहोत तिकडे भरपूर औषधांचा साठा आहे. तुम्हाला व्हिटॅमिन बी, व्हिटॅमिन डी, टॉनिक, प्रोटीन अशा सगळ्या गोष्टी मिळतील. पुढची तीन वर्षे नव्हे, तर त्याच्याही पुढची काही वर्षे तुमची 'तब्येत' अत्यंत ठणठणीत राहणार असल्यामुळे आता कशाचीही चिंता करू नका.

आता कोणी म्हणेल, आम्ही 'ऑपरेशन टायगर' केले... कोणी म्हणाले, आता 'ऑपरेशन तुडवा' सुरू करू... तर काल कोणीतरी सांगत होते, आता 'ऑपरेशन कमळ' हाती घ्यावे लागेल... एकाच वेळी इतकी ऑपरेशन्स पाहून आम्हाला फारच भारी वाटत आहे. अशावेळी कोणीतरी तुम्हाला शेतकरी संकटात आहे... पेरण्या झालेल्या नाहीत... पावसाचा पत्ता नाही... प्यायला पाणी नाही... असे प्रश्न उपस्थित करतील. 'ऑपरेशन दुष्काळ' कधी करणार? असेही विचारतील. त्याकडे फार लक्ष देऊ नका. कालच लागलेल्या सत्र न्यायालयाच्या निकालाचे पडसाद काय उमटतात, ते दोन दिवसांत कळेलच. तेव्हा आणखी कुठले नवे ऑपरेशन करायची वेळ येईल का, तेही पाहावे लागेल... तेव्हा काळजी करू नका. काल काय जेवलो ते लोकांच्या लक्षात राहत नाही. तीन वर्षांनी जेव्हा निवडणुका होतील तेव्हा तुम्ही काय केले हे कोण लक्षात ठेवणार..? हे पक्के लक्षात ठेवा...

- तुमचाच, बाबूराव

भारतातील शेती मान्सूनवर अवलंबून आहे. पाऊस नसल्याने शेतकऱ्यांनी पेरणीची घाई करू नये. पिके घेताना जमिनीच्या पोताप्रमाणे पिके घ्यावीत. चांगला पाऊस झाल्यानंतर जमिनीत खोलवर ओल आल्यानंतरच पेरणी करावी. बियाणे उगवून येईल; मात्र, पाऊस थांबला तर पीक वाढीसाठी जमिनीत ओल असणे गरजेचे आहे.

पाऊस लांबला, पिकांचा पॅटर्न बदलायला हवा

डॉ. रामचंद्र साबळे
ज्येष्ठ कृषी हवामान तज्ज्ञ

जूनचा चौथा आठवडा सुरू होत आहे; मात्र, कोकणातील रत्नागिरी आणि सिंधुदुर्ग तसेच राज्यातील एक-दोन जिल्हेवगळता उर्वरित महाराष्ट्रात अजून पावसाचे आगमन झालेले नाही. त्यामुळे उष्णतेचा दाह वाढला आहे. हवामानाचा अंदाज वर्तविणाऱ्या जगभरातील वेगवेगळ्या संस्थांनी आशिया खंडात एल निनोमुळे कमी पावसाचा अंदाज वर्तविला आहे. भारतीय हवामान शास्त्र विभागाने सरासरीच्या ९२ टक्के पावसाचा पहिला अंदाज वर्तविला होता. दुसरा अंदाज सरासरीच्या ९० टक्के पावसाचा होता. त्यात ५ टक्के कमी-अधिक असतात, म्हणजे ८५ टक्क्यांपर्यंतही पाऊस होऊ शकतो. ही पाण्याच्या गंभीर संकटाची स्थिती आहे. आशिया खंडातील काही देशांसाठी हे दुष्काळी वर्ष ठरू शकते, असे काही आंतरराष्ट्रीय संस्थांचे म्हणणे आहे. एल निनोचा प्रभाव, जगभरात मोठ्या प्रमाणात वृक्षतोड ही यामागील प्रमुख कारणे आहेत. कार्बन डायऑक्साईडची पातळी वाढली आहे. त्यातून जागतिक पातळीवर १.५ अंश सेल्सिअस तापमान वाढले आहे. हे सर्व घटक शेतीसाठी धोकादायक आहेत. हवामान बदलाने अनियमित पाऊस, पावसाचे दिवस कमी-अधिक होणे, गारपीट होणे अशी संकटे येतात. त्यातून पिकांचे मोठे नुकसान होते.

अंदमानात वेळेपूर्वी आलेल्या पावसाला पुढे गती मिळाली नाही. केरळात त्यामुळे तो उशिरा दाखल झाला. कोकणातील रत्नागिरी आणि सिंधुदुर्ग जिल्ह्यात मान्सून दाखल झाला आहे. मात्र, सध्या तेथे पाऊस उघडला आहे. पावसाचा हा खंड सुरू झाला आहे, तो मी वर्तविला होता. राज्यातील इतर भागांत पाऊस पडलेला नाही. आता आपण सर्व मान्सूनचे पुनरुज्जीवन (रिव्हायवल ऑफ मान्सून) होण्याची वाट पाहत आहोत.

चारा पिके महत्त्वाची ठरणार

आगामी काळात चारा टंचाई निर्माण होण्याची शक्यता नाकारता येत नाही. त्यामुळे पशुधन व दुग्धोत्पादनावर विपरीत परिणाम होऊ नये, यासाठी पशुपालकांनी सतर्क राहून चारा पिकांचे नियोजन करावे. त्यामुळे फेब्रुवारी ते जून २०२७ या टंचाईच्या काळात त्याचा वापर करता येईल.

मी मागील दोन दशकांपासून कृषी हवामानाचा अंदाज वर्तवित आहे. विदर्भातील चार, मराठवाड्यातील एक, पश्चिम महाराष्ट्रातील सहा, उत्तर महाराष्ट्रातील तीन आणि कोकणातील एक अशा १५ हवामान केंद्रांवरील नोंदीचे विश्लेषण करून यावर्षीचा अंदाज मी १ जूनला दिला. त्यात नागपूर, यवतमाळ, पुणे आणि दापोली या केंद्रांवर चांगला पाऊस अपेक्षित आहे.

दोन ते तीन ठिकाणी कमी पाऊस आहे, त्यात धुळे केंद्राचा समावेश आहे. मी सरासरीच्या ९८ टक्के पावसाचा अंदाज दिला आहे. त्यात ५ टक्के 'मॉडेल एरर' असतो, म्हणजे ९३ टक्के पाऊस होऊ शकतो, असा अंदाज दिला.

हा पाऊस म्हणजे दुष्काळी वर्ष असू शकते. मात्र, आयओडी हा घटक सकारात्मक झाल्यास पावसाची तेवढी गंभीर स्थिती राहणार नसल्याचे भाकीत जपान व फिलिपिन्स या देशांतील हवामान शास्त्र संस्थांनी नुकतेच वर्तविले आहेत. हे निश्चितच सकारात्मक आहे. त्यामुळे दुष्काळाचे प्रमाण सौम्य होईल.

एआय इमेज

कव्हरस्टोरी

जमिनीच्या पोतानुसार पिके घेता येतील?

हलकी जमीन : उथळ जमीन अर्थात ६ इंच खोल जमिनीत मूग, उडिद, मटकी, चवळी ही पिके घ्यावीत. ही ८० ते १०० दिवसांची पिके आहेत.

मध्यम खोल जमीन : सोयाबीनचे पीक घेता येईल. बाजरी अधिक तूर ही पिके घेता येतील. खरीप ज्वारीचे पीकही फायदेशीर आहे. तृणधान्यांमुळे जनावरांना चारा आणि आपल्यालाही खाण्यासाठी धान्य मिळेल.

अतिखोल जमीन : कापसाचे पीक घेता येईल.

बागायती क्षेत्र : भाजीपाला, कांदा घेता येईल. मात्र, चांगला पाऊस झाल्यानंतर त्याचा निर्णय घेता येईल.

आपले आरोग्य आपल्या घरात

हवा हवा, ए हवा... खुशबू लुटा दे...

डॉ. विनायक पांडुरंग सुतार
सदस्य, मायक्रोबायोलॉजिस्टस् सोसायटी, इंडिया

आपल्याला वाटते की घरातली हवा अगदी रिकामी आहे. पण खरे सांगायचे तर, ही हवा म्हणजे एक छोटेसे जिवंत जग असते ! त्यात अनेक सूक्ष्मजीव जसे की जीवाणू, विषाणू, बुरशीचे बीजाणू व धुळीचे कण आपल्यासोबत राहात असतात. आपण बोलतो, हसतो किंवा खोकतो, तेव्हा तोंडावाटे बाहेर पडणारे सूक्ष्म थेंब (ड्रॉपलेट्स) आणि हवेत जास्त वेळ टिकणारे एरोसोल्स या सूक्ष्मजीवांचे एका व्यक्तीकडून दुसऱ्या व्यक्तीकडे वहन करतात. त्यामुळे नकळत जंतुसंसर्ग आपण पसरवत असतो.

कधी कधी आपण उबदारपणासाठी किंवा इतर काही कारणांमुळे खिडक्या - दरवाजे पूर्णपणे बंद ठेवतो. पण असे केल्याने घरातील हवा खेळती राहत नाही. हळूहळू ती 'जुनी' आणि जड होऊ लागते. अशा बंद जागेत कार्बन डायऑक्साइड, धूळ आणि ओलावा साचून राहतो. मग तेथे नको असलेले सूक्ष्मजीव वाढायला लागतात. शिवाय, भिंतींवर बुरशीची वाढ देखील दिसते. यामुळे सर्दी, खोकला किंवा ॲलर्जीसारखे त्रास सुरू होऊ शकतात.

हवा खेळती असणे महत्त्वाचे?

हवा खेळती राहिली की घरातील ओलावा कमी होतो.

घरातील सर्व अशुद्ध घटक, हवेत साचलेले सूक्ष्मजीव बाहेर टाकले जातात व श्वसनाचे विकार टाळता येतात.

घरातील लहान मुलांमधील व वयोवृद्ध लोकांना होणारा जंतूसंसर्ग कमी करता येतो.

खेळत्या हवेमुळे कुबट वास निघून जातो, आर्द्रता नियंत्रणात राहते, तापमान संतुलित राहते आणि घरात प्रसन्न वाटते.

सूर्यप्रकाश येऊ द्या घरात...

१ घरात येणारा सूर्यप्रकाश आरोग्याच्या दृष्टीने अतिशय महत्त्वाचा आहे. तो निसर्गाने दिलेला एक नि:शुल्क संरक्षक आहे.

२ **सूर्यप्रकाशात असणाऱ्या अतिनील किरणांमुळे सूक्ष्मजीव मारले जातात. सूर्यप्रकाश हवेतील आणि पृष्ठभागांवरील सूक्ष्मजीवांचे प्रमाण कमी करतो.**

३ आपल्या पारंपरिक सवयी जसे कपडे, गाद्या किंवा धान्य उन्हात वाळवणे या सर्वांमागे एक खोल सूक्ष्मजीवशास्त्रीय तत्त्व दडलेले आहे.

४ **घराच्या उत्तम आरोग्यासाठी सकाळ, संध्याकाळी शक्य असेल तेव्हा खिडक्या उघड्या ठेवा, घरात जास्तीत जास्त सूर्यप्रकाश येऊ द्या आणि जागा कोरडी आणि स्वच्छ ठेवा.**

५ सूक्ष्मजीवांना आपण पूर्णपणे घराबाहेर काढू शकत नाही, कारण ते निसर्गाचा भाग आहेत.

६ **खिडक्या उघडणे, घरामध्ये छान ऊन येऊ देणे आणि स्वच्छता ठेवणे या अगदी साध्या गोष्टी करून आपण आरोग्याची काळजी नक्कीच घेऊ शकतो.**

उद्याच्या जगासाठी शिक्षण की कालच्या जगासाठी?

आजचा खरा प्रश्न असा आहे की, आपण आपल्या मुलांना कालच्या जगासाठी तयार करतो आहोत की उद्याच्या जगासाठी? राष्ट्रांचे भविष्य रणांगणावर नव्हे, तर वर्गखोल्या आणि प्रयोगशाळांमध्ये ठरते. चीनने हा धडा ओळखला आहे. आपण तो किती लवकर ओळखतो, यावर आपले भवितव्य अवलंबून असेल.

राजन वेळूकर
माजी कुलगुरू, मुंबई विद्यापीठ

चीनने अलीकडे कृत्रिम बुद्धिमत्तेच्या (एआय) युगाचा विचार करून आपल्या राष्ट्रीय शिक्षण धोरणात आमूलाग्र बदल केला आहे. हे धोरण वाचताना केवळ तांत्रिक बदल दिसत नाहीत, तर एका राष्ट्राची दूरदृष्टी, भविष्यवेध आणि नियोजनक्षमता दिसून येते. विशेष म्हणजे हे धोरण तयार करणाऱ्या मंत्र्यांना तंत्रज्ञानाची व शिक्षणाची सखोल जाण असल्याचे प्रत्येक पानावर जाणवते; कारण ते संगणक या विषयात पीएच.डी. आहेत म्हणून असेल कदाचित.

जगभरातील अनेक शिक्षणव्यवस्था अजूनही विद्यार्थ्यांना माहिती पाठ करण्यासाठी तयार करतात. चीन मात्र विद्यार्थ्यांना बदलत्या जगाची निर्मिती करण्यासाठी तयार करत आहे. या नव्या धोरणात कृत्रिम बुद्धिमत्ता हा स्वतंत्र विषय नाही, तर संपूर्ण शिक्षणव्यवस्थेचा पाया आहे. त्यांनी सहा वर्षांच्या मुलांपासून ते विद्यापीठातील संशोधकांपर्यंत प्रत्येकाला एआय साक्षरता देण्याचा निर्णय घेतला गेला आहे.



एआय इमेज

संशोधन, उद्योग यांना एकाच साखळीत जोडले

चीनच्या धोरणातील आणखी एक महत्त्वाचा पैलू म्हणजे शिक्षण, संशोधन आणि उद्योग यांना एकाच साखळीत जोडणे. विद्यापीठे, संशोधन संस्था आणि उद्योग एकत्र येऊन विद्यार्थ्यांना प्रत्यक्ष समस्यांवर काम करण्याची संधी देतात. परिणामी, पदवीधर विद्यार्थी केवळ प्रमाणपत्र घेऊन बाहेर पडत नाहीत, तर उद्योगासाठी तयार कौशल्यांसह बाहेर पडतात.

या संपूर्ण धोरणातून एक मूलभूत संदेश मिळतो. शिक्षणाचा उद्देश नोकरी शोधणारे युवक तयार करणे नसून नवे उद्योग, नवे विचार आणि नवे उपाय निर्माण करणारे नागरिक घडवणे हा आहे. कृत्रिम बुद्धिमत्ता हे केवळ तंत्रज्ञान नाही; ती विचार करण्याची नवीन पद्धत आहे.

असा आहे चीनचा एआय आधारित अभ्यासक्रम...

१ प्राथमिक स्तरावर मुलांना स्मार्ट तंत्रज्ञानाची ओळख करून दिली जाते. माध्यमिक स्तरावर डेटा, अल्गोरिदम, डीपफेक, चुकीची माहिती आणि चिकित्सक विचार शिकवला जातो. उच्च माध्यमिक शिक्षणात विद्यार्थी प्रत्यक्ष एआय आधारित साधने तयार करतात. म्हणजे शिक्षणाचे केंद्र 'माहिती मिळवणे' नसून 'समस्या सोडवणे' बनते.

२ **याहून महत्त्वाची गोष्ट म्हणजे चीनने एआयला केवळ संगणकशास्त्रापुरते मर्यादित ठेवलेले नाही. 'एआय एक्स' या संकल्पनेखाली वैद्यक, कायदा, कला, वित्त, अभियांत्रिकी अशा प्रत्येक शाखेत एआय समाविष्ट करण्यात आले आहे. भविष्यात डॉक्टरांना एआय समजावे लागेल, वकिलांना अल्गोरिदमच्या नैतिकतेचा अभ्यास करावा लागेल, कलाकारांना जनरेटिव्ह एआयचा वापर करावा लागेल आणि व्यवस्थापकांना डेटा-आधारित निर्णय घ्यावे लागतील, हे चीनने ओळखले आहे.**

३ विशेषतः वित्त क्षेत्रातील अभ्यासक्रम लक्षवेधी आहे. पारंपरिक क्रेडिट स्कोअरिंगच्या पलीकडे जाऊन विद्यार्थी मोठ्या प्रमाणातील विविध प्रकारच्या डेटाचे विश्लेषण करून जोखीम मोजणाऱ्या प्रणाली तयार करतात. त्याचबरोबर निर्णयांचे स्पष्टीकरण देणाऱ्या 'एक्सप्लेनेबल एआय'वर भर दिला जातो. यामध्ये तंत्रज्ञान, नैतिकता आणि उत्तरदायित्व यांचा सुंदर संगम दिसतो.